दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921
मरुधर विशेष
Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732

वर्षः 01 |अंकः 166 | जयपुर | 25 जनवरी 2023 | बुधवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठ : 04



नेपाल में आए भूकंप से राजस्थान हिला

जयपुर. नेपाल में आए तेज भूकंप से राजस्थान का पूर्वी हिस्सा हिल गया। जयपुर, अलवर और दौसा के आसपास के इलाकों में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे हल्के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया भूकंप का केन्द्र नेपाल का पहाड़ी इलाका रहा। वहां 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर नीचे आया। इसके कारण झटकों का असर भारत के कई राज्यों में हुआ। राजस्थान के अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा में भी धरती हिली है। राजस्थान में भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर से लगे अलवर, भिवाड़ी, जयपुर और दौसा के कुछ हिस्सों में हुआ। उन्होंने बताया कि भूकंप भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 28 मिनट 31 सेकेंड पर आया। भूकंप के झटके महसूस होते ही जयपुर में ऊंची बिल्डिंग में रहने वाले लोग सहम गए। जयपुर के सी-स्कीम, सचिवालय परिसर के आसपास लोग घरों से बाहर आ गए। सचिवालय के आस-पास बने तमाम सरकारी और निजी ऑफिस की बिल्डिंग से लोग झटका महसूस करते ही बाहर की ओर भागे। किसी भी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

परिवारिक झगड़े में 10वीं क्लास स्टूडेंट की मौत

जयपुर.परिवारिक झगड़े में एक स्कूल स्टूडेंट की मौत हो गई। वह बीच-बचाव करते समय बेहोश होकर जमीन पर गिरा था। अपेक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। रामनगरिया थाना पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस संदिग्ध मौत के मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक सागर मीणा (18) पुत्र श्रवण मीणा रामनगरिया के चतरपुरा का रहने वाला था। वह प्राइवेट स्कूल में 10 वीं क्लास में पढ़ता था। चाचा-ताऊ का परिवार सम्मिलित रूप से चतरपुरा स्थित घर पर ही रहता है। रात करीब 12 बजे किसी बात को लेकर चाचा-ताऊ के परिवार में झगड़ा हो गया। कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। परिवारिक झगड़े में सागर बीच-बचाव करने लगा। बीच-बचाव करते समय अचानक बेहोश होकर वह जमीन पर गिर गया। परिजनों ने बेहोशी की हालत में उसे अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। रात करीब डेढ़ बजे अपेक्स हॉस्पिटल ने रामनगरिया थाने को मेडिकल सूचना दी। झगड़े में मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

श्रद्धा दोस्त के घर गई तो आफताब ने किए 35 टुकड़े

नई दिल्ली. श्रद्धा वालकर मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने साकेत कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। करीब छह हजार पेज की चार्जशीट में 100 लोगों के बयान और इलेक्ट्रॉनिक-फोरेंसिक सबूत शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के जॉइंट कमिश्नर मीनू चौधरी ने बताया जिस दिन ये घटना हुई थी, उस दिन श्रद्धा अपने दोस्त के घर गई थी, जिससे गुस्साए आफताब ने उसकी हत्या कर दी। आफताब ने श्रद्धा के 35 टुकड़े करके छतरपुर के जंगल में फेंक दिए थे। वहां से दिल्ली पुलिस को शव के कुछ टुकड़े मिले थे। जांच में साइंटिफिक मेथड का इस्तेमाल किया गया। डिजिटल सबूत के तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जीपीएस लोकेशन को भी ट्रैक किया गया है। आफताब ने अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की 18 मई को हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे। इन टुकड़ों को रखने के लिए वह 300 लीटर का फ्रिज लेकर आया था। पुलिस ने आफताब को गिरफ्तार कर महरौली के जंगलों से श्रद्धा की हड्डियां बरामद की थीं। 28 साल का आफताब पूनावाला पिछले साल नवंबर से न्यायिक हिरासत में है। आफताब ने पहले दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि उसने अपनी साथी श्रद्धा वाकर को ?पल की गर्मी में? मार डाला था।

पेपर लीक मामले में सदन से सड़क तक घमासान

भाजपा की सीबीआई जांच की मांग सरकार ने खारिज की

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को पेपर लीक मामले को लेकर सदन से लेकर सड़क तक हंगामा रहा। सीबीआई जांच की मांग को लेकर एक ओर जहां राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे हैं तो वही सीबीआई जांच की मांग को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। सदन में भाजपा विधायकों ने जहां पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की है तो वहीं कांग्रेस ने बीजेपी की इस मांग को नकारते हुए कहा की राजस्थान की एजेंसिया जांच करने में सक्षम है ।राजस्थान विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सीबीआई केंद्र की एजेंसी है, लेकर राजस्थान की एजेंसिया भी जांच करने में सक्षम है ।पहले भी ऐसे कई मामले आए हैं जब राजस्थान की पुलिस और जांच एजेंसियों ने कई बड़े मामले का खुलासा किया है। राजस्थान की एजेंसियों ने पेपर लीक मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए कई लोग गिरफ्तार किया हुआ है ।ऐसे में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप कर राजस्थान की एजेंसियों को हतोत्साहित नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने बीजेपी की मांग पर कहा कि बीजेपी केवल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नौटंकी कर रही है। अगर बीजेपी के पास कोई सबूत है कोई नाम है तो उसे सदन में पेश करना चाहिए। बीजेपी के पास कोई मुद्दे नहीं बचे हैं इसलिए अब पेपर लीक का नाम लेकर लोगों को बरगलाया जा रहा है। भाजपा के उप नेता एक मामले को लेकर हाईकोर्ट चले गए थे अगर उन्हें बहस करनी थी तो इस मामले पर विधानसभा में बहस करनी चाहिए थी। खाचरियावास ने कहा कि केंद्र में बैठी बीजेपी की सरकार हर मुद्दे पर फेल हो गई है और उस पर कैसे पर्दा डाला जाए इसलिए मुद्दों को भटकाया जा रहा है लेकिन कांग्रेस के विधायक सदन में बीजेपी के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी ने कहा कि पेपर लीक रोकने के लिए सरकार ने कठोर कानून बनाया हुआ है,पेपर लीक हुआ है लेकिन इस मामले में भी सरकार ने कठोर कदम उठाए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी संपत्तियों को जमींदोज किया गया है। उन्होंने भाजपा की सीबीआई जांच की मांग को एक राजनीतिक स्टंट बताते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा इस मामले को उठा रही है ।उन्होंने कहा कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा आंदोलन करे या बीजेपी यह केवल एक राजनीतिक स्टंट है और इस मुद्दे के जरिए युवाओं को बरगलाया जा रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 10 फरवरी को बजट पेश करेंगे और उस बजट में युवाओं पर खास फोकस रहने वाला है लेकिन राजस्थान का युवा समझदार है और वह जानता है कि 4 सालों में सबसे ज्यादा भर्ती इस सरकार में ही निकली है।

राजनीतिक संरक्षण में हुए पेपर लीक:रामलाल शर्मा

इधर भाजपा विधायक रामलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग की है। रामलाल शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सदन से सड़क तक भाजपा विधायक इस मामले को पुरजोर शब्दों में उठा रहे हैं लेकिन जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंपी जाएगी तब तक सच सामने नहीं आएगा ।उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार केवल अपने अनुकूल मामलों को ही सीबीआई को सौंप देती है उन्होंने कहा कि डी पी जारोली ने भी कहा था कि राजनीतिक संरक्षण में पेपर लीक होते हैं इसलिए इस मामले की जांच सीबीआई से जरूरी है। रामलाल शर्मा ने कहा गहलोत सरकार ने केवल छोटी-छोटी मछलियों को पकड़ कर इतिश्री कर ली है जबकि बड़े-बड़े मगरमच्छ बाहर घूम रहे हैं ।शर्मा ने कहा की पेपर लीक के आरोपी राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे ऐसे में सरकार को चाहिए कि उनके फोन कॉल डिटेल निकाली जाए जिससे पता चल सके कि उनके संपर्क में कौन-कौन लोग थे और उन सभी को गिरफ्तार करके के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

नकल प्रकरणों में लिप्त व्यक्तियों को सजा दिलवाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : बी.डी.कल्ला

जयपुर। शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं के सुचारु आयोजन के लिए गम्भीरतापूर्वक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कुल 182 भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया गया है, जिसमें से 145 भर्तियों में नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी हैं। शेष 37 भर्तियों मे से 21 भर्तियों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं एवं 7 भर्तियों में साक्षात्कार शेष हैं। साथ ही, 9 भर्तियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है एवं परिणाम जारी किया जाना शेष है।

राज्य सरकार पेपर लीक के प्रकरणों में कर रही है कठोरतम कार्रवाई : धारीवाल



नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार पेपर लीक के प्रकरणों में कठोरतम कार्यवाही कर रही है और ?से प्रकरणों में लिप्त व्यक्तियों को सजा दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। धारीवाल ने मंगलवार को विधानसभा में सरकार की ओर से इस संबंध में वक्तव्य देते हुए बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नकल प्रकरणों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर वृहद् स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

हजारों समर्थकों के साथ पहुँचे सांसद किरोड़ी लाल

प्रतियोगी परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ विधानसभा घेराव

जयपुर. राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ विधानसभा घेराव के लिए सांसद किरोड़ी लाल अपने हजारों समर्थकों के साथ जयपुर पहुंच गए हैं। मीणा को जयपुर पुलिस ने घाट की गुनी टनल से पहले ही रोक लिया है। जहां मीणा बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ जयपुर-आगरा हाईवे पर ही धरने पर बैठ गए है। किरोड़ी ने कहा कि आज सदन में सरकार ने पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जाँच देने से माना कर दिया। जबकि पेपर लीक मामले में ही सरकार ने अपने जरोली और दूसरे बड़े अधिकारियों को हटाया था। ऐसे में जब तक पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच नहीं दी। तब तक हम यहीं धरने पर बैठे रहेंगे। मीणा ने कहा कि 16 से ज्यादा भर्ती परीक्षा पेपर लीक कि वजह से रद्द हो चुकी है। जिससे प्रदेश के हजारों युवाओं का भविष्य खतरे में आ गया है। ऐसे में इस पेपर लीक प्रकरण की सिर्फ सीबीआई से जांच होनी चाहिए। क्योंकि नकल प्रकरण में मंत्री, विधायक, अधिकारी और कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल है। यहीं कारण है कि गहलोत खुद ही अपनी सरकार और राजनेताओं के पेपर लीक प्रकरण में क्लीन चीट दें रहे

है। क्यों कि उन्हें भी पता है अगर पेपर लीक प्रकरण कि जाँच सीबीआई ने शुरू की तो इससे कांग्रेस सरकार की असलियत जनता के सामने आ जाएगी। मीणा ने कहा कि राजस्थान में बाहर के राज्यों के लोगों को नौकरी दी जा रही है। इससे राजस्थान के युवाओं की नौकरी के अवसर कम हो रहे हैं। बाहरी राज्यों के लोग राजस्थान आकर हमारे युवाओं की नौकरी खा रहे हैं। ऐसे में सरकार को ठोस कानून बनाते हुए। इसे पूरी तरह बंद करना चाहिए। मीणा ने कहा सुरेश ढाका जयपुर में लंबे समय से कोचिंग चला रहा है। इससे पहले भी भर्ती परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के मामलों में उसका संबंध था। रसूख की वजह से पुलिस ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे उसके हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ पूरा नकल गिरोह तैयार कर लिया। इसमें कई सरकारी कर्मचारी और बेरोजगार युवक शामिल है। जो प्रदेश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में जल्द से जल्द सुरेश ढाका की गिरफ्तारी होनी चाहिए। ताकि असली नकल गिरोह का भंडाफोड़ हो सके।

ट्राई कलर से सजेंगी दोनों चौपाटियां, आमजन की फरमाइश पर देंगे लाइव बैंड परफॉर्मेंस

गणतंत्र दिवस पर जयपुर चौपाटियों पर गूंजेंगे देशभक्ति के तराने

देशभक्ति माहौल में होगा आगंतुकों का स्वागत

जयपुर। आवासन मंडल देश के 74 वें गणतंत्र दिवस को एक खास अंदाज में सेलिब्रेट करेगा। इस अवसर पर मानसरोवर एवं प्रताप नगर में स्थित जयपुर चौपाटियों पर दिन भर देशभक्ति के तराने चलाए जाएंगे। साथ ही दोनों चौपाटियों को ट्राई कलर में आकर्षक लाइटिंग एवं विशेष सजावट भी की जाएगी।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर दोनों चौपाटियों पर लाइव म्यूजिक बैंड के माध्यम से देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां होंगी। दोनों ही चौपाटियों पर म्यूजिक बैंड की

प्रस्तुतियां दो पारियों में दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे एवं सायं 6 बजे से 10 बजे तक होगी। आगंतुक यहां लजीज व्यंजनों के साथ देशभक्ति गानों का आनंद भी ले सकेंगे।

आयुक्त ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित लोगों की फरमाइश पर लाइव म्यूजिक बैंड द्वारा देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोग गणतंत्र दिवस की भावना के साथ एक अलग और यादगार अंदाज में सेलिब्रेट करें, मंडल की यही कोशिश रहेगी।

गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोडा की पहल पर विकसित इन दोनों चौपाटियों ने पिछले कुछ समय में जयपुरवासियों के साथ ही पर्यटकों के दिल में भी अपनी अलग पहचान कायम की है।

वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिये 298.57 करोड़ की योजना अनुमोदित

जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को जयपुर स्थित शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वन विभाग की कम्पन्सेटरी अफोरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी अर्थात कैम्पा (राजस्थान प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) की संचालन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उल्लेखनीय है कि कम्पन्सेटरी अफोरेस्टेशन फंड के नियमों के तहत जारी राशि का उपयोग वन तथा वन्य जीव प्रबंधन एवं इनसे संबंधित आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण में शामिल कार्मिकों की क्षमता निर्माण में किया जाता है। इससे वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण होता है। समीक्षा बैठक में कैम्पा के वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा करने के साथ ही वर्ष 2023-24 हेतु 298.57 करोड़ रुपए की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। इस वार्षिक कार्य योजना को केन्द्र सरकार की स्वीकृति मिलने की पश्चात इसका क्रियान्वयन किया जायेगा, जो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 249.19 करोड़ रुपए की राशि से 49.38 करोड़ रुपए अधिक है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैम्पा के तहत आवंटित राशि का पूर्ण उपयोग किया जावे। कैम्पा की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सदस्य सचिव शिखा मेहरा ने बैठक में कैम्पा की गतिविधियों एवं कार्य योजना के बारे में विस्तार से पावर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अवगत करवाया। समीक्षा बैठक में प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग, संयुक्त शासन सचिव कृषि विभाग, शासन सचिव आयोजना विभाग, कैम्पा संचालन समिति के सदस्य रघुवीर मीणा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक एवं वन विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम ने इम्तिहान के भय को उत्सव में बदल दिया है

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच?चे सीधे परीक्षाओं से संबंधित अपनी चिंताएं प्रधानमंत्री के साथ साझा करते हैं और उनसे परीक्षाओं और पढ़ाई से जुड़े सवाल करते हैं। इन प्रश?नों का उत्तर माननीय प्रधानमंत्री बड़ी रुचि, धैर्य और मनोयोग के साथ देते हैं।परीक्षाओं को लेकर अक?सर कहा जाता है कि परीक्षा न तो आसान होती है, न कठिन होती है। जो विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उनके लिए परीक्षा आसान होती है और जो विद्यार्थी नहीं पढ़ते हैं उनके लिए परीक्षा कठिन होती है। लेकिन, हमारी वर्तमान शिक्षा व?यवस्था ने परीक्षाओं को हमारे जीवन के एक ऐसे भयावह दौर में बदल दिया है, जो सभी को डर से भरे रखता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल, ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न, देश के करोड़ों विद्यार्थियों को परीक्षाओं के प्रति भयमुक?त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वर्ष 2018 से जारी ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न एक सालाना कार्यक्रम है, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री न सिर्फ छात्रों, बल्कि देश के शिक्षकों और अभिभावकों से गहन चर्चा करते हैं, उनकी समस?यायें सुनते हैं और परस?पर चर्चा के माध?यम से उन?हें उनकी कठिनाईयों को दूर करने के समाधान भी सुझाते हैं।संभवतः यह विश?व में अपने ढंग का एकमात्र कार्यक्रम है, जिसमें कोई राष?ट्राध?यक्ष जनता से परीक्षा जैसे विषय पर सीधे संवाद करता है। इस संवाद के अनेक सार्थक नतीजे भी सामने आए हैं। अब बच?चे परीक्षाओं को लेकर पहले की तुलना में कहीं ज?यादा आत?मविश?वास से भरे नजर आते हैं और उनके अभिभावक निश्चिंत, तो इसका श्रेय ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न जैसे कार्यक्रम को दिया जाना चाहिए, जिसने एक एग?जामिनोफोबिया अर्थात परीक्षा के भय को एक उत?सव के विषय में बदल दिया है, जो परिणाम की चिंता से ज?यादा कर्म के पीछे की लगन, मेहनत और विश?वास को प्राथमिकता देना सिखाता है।परीक्षाओं से पहले की बेचैनी और घबराहट को ह्यएग?जामिनोफोबियाह्न कहते हैं। यह वह डर है, जो किसी की कल?पना की उपज नहीं है, बल्कि एक ऐसी वास?तविकता है, जिसका साक्षात हर उस व?यक्ति को होता है, जो कोई परीक्षा देने जा रहा है। ऐसे लोगों में सबसे बड़ी संख?या स?कूली छात्रों की होती है, तो इससे सर्वाधिक प्रभावित होने वालों में भी इन?हीं की संख?या ज?यादा होती है। यह एक ऐसी स्थिति है, जो हमें मनोवैज्ञानिक रूप से ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी हम पर काफी नकारात?मक असर डालती है। एक सर्वेक्षण में, लगभग 66% छात्रों ने स्वीकार किया था कि वे बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के दबाव में रहते हैं और परीक्षा में असफल होने का डर, उन?हें ज्यादातर समय तनाव में रखता है। परीक्षा पे चर्चाह्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा 9 से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि एक छात्र के जीवन में बोर्ड की परीक्षाओं का क?या महत?व होता है। इन?हें उत्तीर्ण करने के लिए उन?हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन, व्यर्थ का तनाव और भय, उनके आत?मविश?वास को डगमगा देता है, जिससे उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है।खराब नतीजे, उनके जीवन को हताशा और कुंठा से भर देते हैं।

नये भारत को आकार देने के संकल्पों का गणतंत्र

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारी संसद ने भारतीय संविधान को पास किया। इस दिन भारत ने खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। तेहत्तर वर्षों में हमारा गणतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा रहा। लेकिन अब इन राष्ट्रीय पर्वों को मनाते हुए संप्रभुता का अहसास होने लगा है। गणतंत्र का जश्न सामने हैं, जिसमें कुछ कर गुजरने की तमन्ना भी है तो अब तक कुछ न कर पाने की बेचैनी भी है। हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास है तो जीवन मूल्यों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने की तीव्र तैयारी है। अब होने लगा है हमारी स्व-चेतना, राष्ट्रीयता एवं स्व-पहचान का अहसास। जिसमें आकार लेते वैयक्तिक, सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक अर्थ की सुनहरी छटाएं हैं।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमारी उन सफलताओं की ओर इशारा करता है जो इतनी लंबी अवधि के दौरान अब जी-तोड़ प्रयासों के फलस्वरूप मिलने लगी हैं। यह हमारी विफलताओं पर भी रोशनी डालता है कि हम नाकाम रहे तो आखिर क्यों! क्यों हम राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को सुदृढ़ता नहीं दे पाये है? क्यों गणतंत्र के सूरज को राजनीतिक अपराधों, घोटालों और भ्रष्टाचार के बादलों ने घेरे रखा है? हमने जिस संपूर्ण संविधान को स्वीकार किया है, उसमें कहा है कि हम एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह सही है और इसके लिए सर्वप्रथम जिस इच्छा-शक्ति की आवश्यकता है, वह हमारी शासन-व्यवस्था एवं शासन नायकों में सर्वात्मना नजर आनी चाहिए और ऐसा होने लगा है तो यह सुखद अहसास है।

एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरू करे। अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। उनके दूसरे प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, भारत के लिये एक शुभ एवं श्रेयस्कर घटना है इसी एक दिसंबर को जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता संभालना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-

साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। आखिरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति की शुरूआत करते हुए अगस्त तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के शुरू होने और विदेशों के ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और येल जैसे उच्च स्तरीय लगभग पांच सौ श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के भारत में कैंपस खुलने शुरू हो जायेंगे। अब भारत के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा स्वदेश में ही मिलेगी और यह कम खचीर्ली एवं सुविधाजनक होगी। इसका एक लाभ होगा कि कुछ सालों में भारतीय शिक्षा एवं उसके उच्च मूल्य मानक विश्वव्यापी होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह अनूठी एवं दूरगामी सोच से जुड़ी सराहनीय पहल है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का अभ्युदय है।

कुछ समय पूर्व हमने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा। काशी में विश्वनाथ धाम का जो विकास हुआ है, उसे देखा। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है, कैसे कोरोना जैसी महाव्याधि को परास्त करते हुए जनजीवन को सुरक्षित एवं स्वस्थ रख सकती है, कैसे महासंकट में भी अर्थव्यवस्था को ध्वस्त होने से बचा सकती हैं, कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए भारत में धर्मस्थलों और तीर्थों के विकास की किसी भी पहल की भी प्रशंसा होनी ही चाहिए। काशी की जो चमत्कारपूर्ण एवं विलक्षण आभा सामने आयी है, इसके लिये भगवान शिव की नगरी काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में अधिकतम यानी शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हो, इसके लिये देश में चुनाव प्रक्रिया में एक और क्रांतिकारी कदम की दिशा में अग्रसर होते हुए एक नये अध्याय की शुरूआत होने जा रही है, जिसके अन्तर्गत रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरईवीएम) का मॉडल विकसित कर चुनाव आयोग ने महत्त्वपूर्ण पहल की है। चुनावों के दौरान यह मशीन उन घरेलू प्रवासियों के लिए वरदान साबित होगी, जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के सिलसिले में अपने चुनाव क्षेत्रों से बाहर रहते हैं। आरईवीएम को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करने के बाद जो प्रवासी जहां है, वहीं से मतदान कर सकेगा। निश्चित ही इसके लागू होने से मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा एवं लोकतंत्र में जनभागीदारी अधिकतम होने लगेगी।इससे भारत का गणतंत्र एक नई आभा एवं मजबूती से चमक उठेगा।

भारत के गणतंत्र में और भी चार-चांद लग रहे हैं, जैसे काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। काशी से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए विशेष रूप से गौरवान्वित करेंगी। वाकई यहां अब कोई संदेह शेष नहीं है कि यह सरकार देश व समाज को बदल रही है, लोगों का जीवनस्तर उन्नत कर रही है।

मोदी अपने आलोचकों को खूब जानते हैं, अतः उन्होंने उचित ही कहा है कि आज का भारत सिर्फ सोमनाथ के मंदिर का सौंदर्यीकरण ही नहीं कर रहा, अयोध्या में श्रीराम के मन्दिर के सदियों पूराने सपने को आकार ही नहीं दे रहा है, बाबा केदारनाथ धाम का जीर्णोद्धार ही नहीं कर रहा, बाबा विश्वनाथ धाम को भव्य रूप ही नहीं दे रहा है बल्कि सीमाओं की सुरक्षा भी बेखूबी कर रहा है, समुंदर में हजारों किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर भी बिछा रहा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज भी बना रहा है, गरीबों को पक्के मकान भी बनाकर दे रहा है, रोजगार, चिकित्सा, शिक्षा की अनूठी व्यवस्थाएं भी कर रहा है। मतलब वर्तमान शासन-नायकों को विरासत और विकास की समन्वित चिंता है। हिंदुत्व की चिंता है, तो विकास की भी पूरी फिक्र है। अब सुधार, सुशासन, स्व-संस्कृति, स्व-पहचान के दीपक जल उठे हैं, तो उसकी रोशनी तमाम देशवासियों को नया विश्वास, सुखद जीवनशैली देगी।

भारत के संवैधानिक एवं संप्रभुता सम्पन्न राष्ट्र बनने की 73वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम अब वास्तविक भारतीयता का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम प्रधानमंत्री के मुख से नये भारत-सशक्त भारत को आकार लेने के संकल्पों की बात सुनते हैं। गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाते हुए यही कामना है कि पुरुषार्थ के हाथों भाग्य बदलने का गहरा आत्मविश्वास सुरक्षा पाये। एक के लिए सब, सबके लिए एक की विकास गंगा प्रवहमान हो।

खोदा पहाड़ और निकली चुहिया

सांगोद से कांग्रेस विधायक भरतसिंह का 23 जनवरी 2023 को भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन और धरना निरस्त होना स्वच्छ व ईमानदारी राजनीति के समर्थकों के लिए एक अप्रत्याशित झटका है। इस बहु प्रचारित व बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां लंबे अरसे से की जा रही थीं। भरत सिंह, जिनकी छवि एक ईमानदार नेता की रही है, ने इस आयोजन को लेकर क्षेत्र का व्यापक दौरा किया, कई स्थानों पर कार्यकताओं की मीटिंग ली। एक कर्मठ, ईमानदार और जुझारू नेता के रूप में भरत सिंह के प्रस्तावित

प्रदर्शन पर न केवल कांग्रेसजनों की बल्कि आम जनता की भी निगाहें लगी हुई थी। आज के दौर में जब भ्रष्टाचार को जीवन शैली के जरूरी हिस्से के रूप में स्वीकार कर लिया गया है, तब अपनी ही पार्टी के एक शक्तिशाली कैबिनेट मंत्री के कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरेआम जंग का ऐलान करना सचमुच एक तो साहस भरा कदम था और भरतसिंह के जन्मजात विद्रोही तेवरों के चलते आम नागरिक उनके अभियान का नैतिक समर्थन कर रहे थे। साथ ही कांग्रेस पार्टी में भी एक बड़ा वर्ग भी बड़ी उत्सुकता से भरतसिंह के कार्यक्रम की ओर देख रहा था। भरत सिंह द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन निरस्त करने के कारण जो भी रहे हो, इससे आमजन में निराशा के भाव हैं। साथ ही उनके इस कदम से उनकी फाइटर छवि भी कुछ अंशों में खंडित हुई है। कार्यक्रम निरस्त होने की तात्कालिक वजह भले ही जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलना रहा हो लेकिन इस फैसले की पृष्ठभूमि में भरतसिंह पर आलाकमान के दबाव से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अधिक तार्किक तो यही होता कि अनुमति नहीं मिलने पर भी भरतसिंह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी देते हैं। इससे भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनकी मुहिम अधिक विश्वसनीय नजर आती। संपूर्ण घटनाक्रम के परिपेक्ष में आम धारणा यही बनती नजर आ रही है कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

एक दिन में 8,158 जल कनेक्शन

जयपुर। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत सोमवार को 8 हजार 158 हर घर जल कनेक्शन (एफएचटीसी) दिए गए। जनवरी माह में अभी तक एक लाख 12 हजार से अधिक कनेक्शन हो चुके हैं। इससे पहले दिसम्बर माह में 1 लाख 15 हजार 105 हर घर जल कनेक्शन हुए थे। जल कनेक्शनों की संख्या अप्रेल 2022 के बाद से ही उत्तरोत्तर बढ़ रही है। मिशन की शुरूआत से अभी तक हर घर जल कनेक्शन का आंकड़ा भी 33 लाख पार कर गया है। जनवरी माह में सर्वाधिक एफएचटीसी करने वाले जिलों में भीलवाड़ा 65 प्रतिशत लक्ष्य पूरे करने के साथ सबसे आगे है, जबकि 64 प्रतिशत कनेक्शन के साथ झालावाड़ दूसरे, 62 प्रतिशत के साथ चित्तौड़गढ़ तीसरे स्थान पर है। जेजेएम में जनवरी माह में अभी तक 485.12 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं। इससे पहले दिसम्बर, 2022 में 763.38 करोड़ रूपए खर्च हुए थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल द्वारा मंगलवार को ली गई जल जीवन मिशन एवं विभाग की वृहद पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रतिदिन औसतन जल कनेक्शन 10 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया और जल कनेक्शनों में पिछड़ रहे जैसलमेर, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर एवं धौलपुर जिले के अभियंताओं को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जनवरी माह के एफएचटीसी के प्रतिदिन के आंकड़े को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण घरों को जल कनेक्शनों से जोड़ें। उन्होंने वृहद परियोजनाओं में धीमी गति से कार्य कर रही कॉन्ट्रेक्टर फर्मों को अपनी गति बढ़ाने के निर्देश दिए और फील्ड अभियंताओं को निर्देश दिए कि विभिन्न पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें। बैठक में बताया गया कि जल गुणवत्ता जांच के तहत केमिकल टेस्ट अभी तक 71,596 तथा बेक्टीरियल टेस्ट अभी तक 44 हजार 72 किए गए हैं। ब्लॉक स्तर पर 250 नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए अभी तक 238 ब्लॉक में स्थान चयनित कर लिया गया है। इन ब्लॉक्स में तीन-चार माह में लैब स्थापित हो जाएंगी। 12 ब्लॉक्स में लैब के लिए स्थान शीघ्र ही चिन्हित कर लिया जाएगा। इस अवसर पर एमडी, जल जीवन मिशन अविचल चतुवेर्दी, मुख्य अभियंता (जल जीवन मिशन) आर. के. मीना, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (तकनीकी) दलीप गौड, मुख्य अभियंता (प्रशासन) राकेश लुहाडिया, मुख्य अभियंता (शहरी एवं गुणवत्ता नियंत्रण) के डी गुप्ता, मुख्य अभियंता-जोधपुर नीरज माथुर सहित पीएचईडी रीजन एवं प्रोजेक्ट्स से जुड़े अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कॉन्ट्रेक्टर फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्रामीण पर्यटन का खजाना है भारत

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ग्रामीण और सामुदायिक केंद्रित पर्यटन है। भारत में सामुदायिक आधारित ग्रामीण पर्यटन के विकास की प्रबल और व्यापक संभावनाएं हैं। महात्मा गाँधी ने कहा था भारत की आत्मा गांवों में बसती है। दर्शनीय सुंदरता, प्रदूषण मुक्त माहौल, प्रकृति से लगाव, उन्मुक्त और निश्छल जनजीवन रहन-सहन, खान-पान पर्यटकों को सहज ही आकर्षित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे संसाधनों की कमी नहीं है, जो पर्यटन उत्पादों को प्रेरित करते हैं। लोकगीत, नृत्य और नाटक, शिल्पकारी वस्तुएं, हस्तशिल्प उत्पाद और विभिन्न प्रकार के व्यवसाय जैसे कुंभकारी, हथकरघा, ईंट बनाना, मुगीर्पालन और मवेशी पालन, कृषि प्रबंधन पद्धतियां आदि ऐसी बातें हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित कर सकती हैं। पर्यटन आज देश और दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन गया है। भारत की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर, उसे पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाती है। आज भारत विभिन्न श्रेणी के पर्यटन के लिए जाना जाता है, जैसे कि साहसिक पर्यटन, चिकिसा पर्यटन, पारिस्थितिकी पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन आदि। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण आय उत्पादक है। देश की सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को बढ़ाता है और उनका आदान-प्रदान करता है। पर्यटन के माध्यम से ही लोगो को एक दूसरे को समझने की समझ बढ़ती है। भारत के पर्यटन से लगभग 7.7 प्रतिशत लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं। पर्यटन उन क्षेत्रों में शामिल है जिन्हें महामारी के दौर सबसे ज्यादा झटका लगा। कोरोना के चलते हजारों लाखों लोगों का रोजगार अवरुद्ध हुआ है। इस क्षेत्र से जुड़े लाखों लोगों को बेकारी झेलनी पड़ी। कोरोना महामारी के कड़े यात्रा प्रतिबंधों और आवाजाही की सीमाओं ने पूरे पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारत विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्यवर्धक स्थलों में से एक है। विश्व पर्यटन संगठन ने भारतीय पर्यटन को सर्वाधिक तेजी से विकसित हो रहे उद्योग के रूप में घोषित किया है। पर्यटन देश का तीसरा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला उद्योग है। देश की कुल श्रम शक्ति में से 6 प्रतिशत को पर्यटन में रोजगार मिला हुआ है। पर्यटन उद्योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। भारत के विशाल तथा तटीय क्षेत्र, अछूते वन, शान्त द्वीप समूह, वास्तुकला की प्राचीन, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक परम्परा, रंगमंच तथा कलाकेन्द्र पश्चिम के पर्यटकों के लिए आकर्षण के केन्द्र हैं। विदेशी पर्यटकों के प्रति आत्मीयता दशार्ने के लिए सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम अतिथि देवो भव शुरू किया गया है। भारत एक ऐसा देश हैं

जहां एक से बढ़कर एक प्राकृतिक परिदृश्य देखने को मिलते हैं। यहां आकर आप ऐसी घाटियों और गांवों की सैर कर सकते हैं जिसे अब तक ज्यादा एक्सप्लोर नहीं किया गया है। पर्यटन की दृष्टि से भारत विश्व का एक अजब गजब देश है जहाँ समुद्र से लेकर जंगल और बर्फ से लेकर रेगिस्तान तक देखने को मिल जायेंगे। हरे-भरे घास के मैदान और पथरीली जमीन भी आपको यहीं मिल जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से भारत में घूमने लायक कई ऐसी जगहें हैं जो अपनी खूबसूरती से आपका मन मोह लेंगी। देश की शान ताजमहल, कश्मीर, कन्या कुमारी, गोवा, केरल, जयपुर, दिल्ली, दार्जीलिंग, उत्तराखंड का पहाड़ी क्षेत्र आदि मंत्रमुग्ध करने वाले स्थल इसी देश में है। इंडिया गेट, हुमायूँ का मकबरा, कुतुब मीनार, बुलंद दरवाजा, लाल किला आगरा, चारमीनार, गेटवे ऑफ इंडिया, लोटस टैंपल, खजुराहो, साँची, हम्पी, अजंता की गुफाएं, एलोरा की गुफाएं उदयगिरि गुफाएँ इलौरा आदि देश के पर्यटन क्षेत्र बरबस आपको अपनी और खिंच लेते है। विविधता और प्राकृतिक सुन्दरता से भारत पर्यटन के लिए हर किसी की पसंदीदा जगह हैं। देश के पहाड़ी क्षेत्र गर्मियों के रिसॉर्ट्स बने रहते हैं। इनमें पचमढ़ी, अरकु, गुलमर्ग, श्रीनगर, लद्दाख, दार्जिलिंग, मुन्नार, ऊटी और कोडाइकनाल, शिलांग, शिमला, कुल्लू, मसूरी, देहरादून नैनीताल, गंगटोक आदि प्रमुख है। हमारे गाँव देश की सभ्यता, संस्कृति और परम्पराओं का खजाना हैं। भारत की विरासत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। देश के ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। जिससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहाँ हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी वहां दो हाथों को रोजगार मिलेगा।

वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी

रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज की जोधपुर शाखा का शुभारम्भ

जयपुर। वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का विस्तार करते हुए सोमवार को रश्ढ टॉवर, सरदारपुरा, जोधपुर में नवीन शाखा का शुभारम्भ कियागया। रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा और रवि ढींगरा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। रविकाश फाइनेंशियल की जोधपुर शाखा का नेतृत्व क्लस्टर हेड की भूमिका में कुनाल गौर करेंगे। विकास ओझा ने बताया की रविकाश एक अग्रणी वित्तीय परामर्श फर्म है, जोराजस्थान में एनबीएफसी और बैंकों के अधिकृत चैनल पार्टनर है, जिनका कॉर्पोरेट ऑफिस कुईन्स रोड, वैशाली नगर, जयपुर में स्थित है। विकास ओझा ने बताया कि रविकाश फाइनेंसियल अपने ग्राहकों को वित्तीय एवं सामान्य बीमा सेवा देने के साथ विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से ऋण दिलाने में मददगार की भूमिका निभाता है। 2019 में संस्थापित, रविकाश फाइनेंसियभारत में अग्रणी वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की वितरण कंपनी में से एक है। रवि ढींगरा ने बताया कि कंपनी चालू वित्तीय वर्ष में राजस्थान में सभी मुख्य शहरों और जिलों

में अपनी शाखाएं संचालित करने के साथ साथ नए वित्तीय वर्ष की शुरूवात के साथ भारत के अन्य राज्यों में भी अपनी शाखाओं का शुभारंभ करेगी। कंपनी ग्राहकों को सभी प्रकार के वित्तीय उत्पादों जैसे होम लोन, प्रॉपर्टी पर लोन, ओवरड्राफ्ट लिमिट, वर्किंग कैपिटल, सीसी लिमिट, प्रोजेक्ट फंडिंग, कार लोन, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन और इंश्योरेंस प्रोडक्ट आदि में वित्तीय सलाहकार बनकर मदद करती है

श्री माँ शारदा मंदिर स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव अन्तर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढः श्री माँ शारदा मंदिर स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव अन्तर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 25 जनवरी 2023 बुधवार रात्रि 8 बजे स्थान- सन्यास आश्रम,शांति कुटिर, डूंगरा छोटा (जिला बांसवाड़ा) संयोजक कवि पंडीत मयंक मीत सागवाडा ने बताया की आयोजित कवि सम्मेलन में आमंत्रित कविगण नमृता नमिता, भोपाल,कमलेश सहज, इन्दौर छत्रपाल शिवाजी,गोवाडी पंडित मयंक मीत, सागवाड़ा (संचालन) हर्ष व्यास, अरथुना सुरेश सरगम, फलोज विपिन वत्सल, सागवाड़ा सुनील सन्नाटा नेजपुर आयोजक- समस्त कश्यप गौत्री परिवार, समस्त लबाना समाज भक्तगण द्वारा आयोजन किया जा रहा है ।

सेवा भारती और सेवा विभाग विधाधर नगर भाग 4 के तत्वाधान बालक बालिकाओं को मोजे वितरित किये

मरूधर विशेष/विनोद शर्मा

आज सेवा भारती और सेवा विभाग विधाधर नगर भाग 4 के तत्वाधान में जगदम्बा कॉलोनी , नया खेड़ा विधा धर नगर स्थित राजकीय प्राथमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के 250 बालक बालिका ओ को मोजे (जुराब) वितरित किए गए ।कार्यक्रम में विधा धर नगर सेवा प्रमुख आशुतोष शर्मा एडवोकेट , नया खेड़ा विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश जैन , सेवा भारती के प्रकल्प प्रमुख हर फूल , विनोद तांबी , स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती रेणुका राठौड़ , श्रीमती निर्मला , श्रीमती पूनम शर्मा , श्रीमती ज्योति शर्मा , श्रीमती पूनम पाराशर , श्रीमती सोहिनी पुनिया , श्रीमती राजेश्वरी , श्री रघुराम शर्मा ,सुरेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे ।

25 लाख रुपए से ऊपर की रजिस्ट्री में मोबाइल ऐप से मौका निरीक्षण के विरोध में आंदोलन सफल मानी मांग

मरूधर विशेष/महावीर सिंह

दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन जयपुर महासचिव गजराज सिंह राजावत ने बताया कि 25 लाख रुपए से ऊपर की रजिस्ट्री में मोबाइल ऐप से मौका निरीक्षण के विरोध में पूर्व मै दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कार्य का बहिष्कार किया गया था आईजी स्टॉप,सरकार द्वारा मांगे मान लेने पर आज आई जी स्टाप द्वारा लिखित में पत्र डिस्ट्रिक्ट बार को दिया डिस्ट्रिक्ट बार अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि पत्र जो लिखित में प्राप्त हुआ है उस मै आईजी स्टाफ ने लिखा है कि जयपुर शहर वह राजस्थान के अन्य शहरों में रजिस्ट्री की व्यवस्था जो पूर्व मै थी उसी प्रकार से जारी रहेगी

उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस की तैयारी का रिहर्सल करते हुए छात्र छात्राएं

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। पंचायत समिति के खेल मैदान पर पीटी परेड की तैयारी करते हुए करीब 300 छात्र-छात्राएं अपना पूर्व अभ्यास करते हुए ' इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए शारीरिक शिक्षक शिब्बो राम सोनी व मोरध्वज मीना कार्य को अंजाम दे रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि उपखंड मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर छात्र-छात्राओं रिहर्सल चल रहा है 26 जनवरी को धूमधाम से उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा हैसहयोग के लिए उमेश चौधरी, देवेश भारद्वाज, उदय सिंह, नितिन सुमन मौजूद रहे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सिंघाड़ा मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मरुधर हिंद / नरेन्द्र शास्त्री

उदयपुर क्षेत्र के सायरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सिंघाड़ा मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ` कार्यक्रम का संचालन पुष्पा मेवाड़ा ने किया` कार्यक्रम मे विधालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को एवं उन भामाशाहो को जिन्होंने विधालय भवन निर्माण व अन्य कार्यो मे सहयोग दिया है उनको मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया` संस्था प्रधान चन्द्रकिशोर जुनवाल व पी. टी. आई. उम्मेद सिंह पवार ने सभी अतिथियों का व ग्रामीणों का कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया` संस्था प्रधान पी. ई. ई. ओ. चन्द्रकिशोर जुनवाल ने कार्यक्रम का समापन किया` कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती वरदी बाई जी रहे तथा अन्य प्रतिनिधियों मे जब्बर सिंह जी, फुलाराम जी सरपंच प्रतिनिधि, वार्ड पंच अनिता जोशी,एस.एम.सी. अध्यक्ष सोहनलाल मेघवाल, पी. ई.ई.ओ. चन्द्रकिशोर जुनवाल, पुष्पा आमेटा, मंजू लता शर्मा , हीर सिंह, हेमराज, अन्नाराम हिंगड़, वेलाराम जी व्याख्यता अजय कुमार श्रीमाली, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश कुमार गढ़वाल, व. अध्यापिका पुष्पा मेवाड़ा, व.अ. गोपीलाल गुर्जर, अध्यापक मनोज कुमार टेलर, अ. लालू राम पटेल जी अ. जयंतीलाल जी, पी.टी. आई.उम्मेद सिंह पवार , अ. मोनू वर्मा , यदुराज नरेन्द्र शास्त्री, देवेन्द्र सुलानिया, हेमराज ,अनामिका, मंजूला प्रजापत , सत्यप्रकाश रोत, चैन सिंह राव सहित सभी बच्चे , उनके अभिभावकों सहित ढाई सौ से ज्यादा ग्रामीण मौजूद रहे`

स्वर्गीय श्री इंद्र सिंह भाटी दौड़ प्रतियोगिता का पोस्टर विधायक और मंत्री राजवी ने किया विमोचन

मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा

स्वर्गीय श्री इंद्र सिंह भाटी दौड़ प्रतियोगिता 2 फरवरी 2023 को प्रातः 9:00 बजे ग्राम दांतिल तहसील कोटपूतली में होने जा रही है । दौड प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन विद्याधर नगर विधायक एवम पूर्व मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी व युवा नेता अभिमन्यु सिंह राजवी द्वारा किया गया । इस मौके पर आयोजक भाटी परिवार से हरी सिंह भाटी दांतिल, चन्द्रपाल सिंह राजवी,शक्ति सिंह तंवर,महावीर प्रसाद यादव, महिपाल सिंह करीरी व अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

भजन-कीर्तन से मनाया श्री राधाकृष्ण मन्दिर का दसवां पाटोत्सव

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

बांसवाड़ाः श्री अभयवरदाता हनुमानजी मन्दिर परिसर, विद्युत नगर स्थित श्री राधाकृष्ण मन्दिर का दसवां पाटोत्सव श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के तत्वावधान में श्रद्धाभक्ति पूर्वक मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम किंकर कपिल जोशी द्वारा गणपति वंदना, सतगुरु स्तुति, हनुमान आह्वान एवं श्री हनुमान चालीसा के पश्चात 'बड़ी देर भई नन्दलाला', प्रकाश भोई ने 'अपनी धुन में रहता हूं, राधे राधे जपता हूं', विमल जोशी ने 'श्याम तुझसे मिलने का सत्संग ही बहाना है', देवेन्द दोसी ने 'देना हो तो दीजिये जनम जनम का साथ', हरीश पंचाल ने 'जय शिव शंकर', नटवरलाल शर्मा ने 'कृष्णा कृष्णा राधे कृष्णा', नन्दकिशोर वैष्णव ने 'झीनी झीनी उड़े रे गुलाल' और हितेश वैष्णव ने 'श्री गोविन्द हरे मुरारी' संकीर्तन से समां बांधा, राजू भाई डबगर ने ढोलक एवं अनिल भट्ट ने मंजीरे पर संगत दी। कार्यक्रम में यजमान राजेश शाह, वीरेन्द्र त्रिवेदी, सत्यनारायण साधु, रमेश पुरोहित, प्रकाश त्रिवेदी ने सहयोग प्रदान किया।

विद्यालय वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

अरांई,ग्राम कटसूरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरांई के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद अजमेरा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरदीन घासल,पंचायत समिति सदस्य हरदयाल जाखड़, अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनुज कुमार शर्मा ने की।भामाशाह हरदीन घासल ने एक तीरंदाजी सेट विद्यालय को भेंट किया गया।ग्राम पंचायत कटसूरा की ओर से कक्षा 1 से 12 में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। पाली के रोहट निम्बली ब्राह्मणान में आयोजित 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने वाले नो विद्यार्थियों राकेश मेघवंशी, राहुल जाट, बंटी जांगिड़, दिनेश जांगिड़, रहीस मंसूरी,किशनगोपाल, खुशीराम, लक्ष्मण खटाना को जम्बूरी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।तीरंदाजी में प्रतापगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली नाराज खोखर, मोनिका बटेसर, अभिषेक नामा व नवचयनित अद्यापक शैतान चोयल को चांदी का सिक्का, मोमेंटो व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान करने वाले शिव चौधरी, मोनिका घसवा व श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों सोनू, राकेश, बलराम व अन्य को चांदी का सिक्का व मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।निशा जाट ने शानदार भजन की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में हरदयाल जाट,उमराव घँस्वा,रणजीत जाट,भंवरी देवी,मंजू सारण,राजेश कुमावत,दिनेश चंद्र विजयावर्गीय,ललिता उदयवाल,कैलाश चंद शर्मा,मोतीलाल उदय , दीनदयाल उदय, रामावतार कुम्हार, नन्द लाल माली, भाग्यश्री शर्मा,आर पी रामधन जाट व अभिभावक उपस्थित हुए।कार्यक्रम का संचालन रामस्वरूप शर्मा एवं कमलेश कुमार वैष्णव ने किया।

मानव मित्र मण्डल सेवा संस्थान द्वारा गरीबों असहायों के चेहरे पर लाई मुस्कान

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

अरांई,मानव मित्र मण्डल सेवा संस्थान मालपुरा द्वारा ग्राम ढसूक में लुहार व भोपा को कम्बल वितरण किया, स्वयं सेवकों ने जिन्होंने ठिठुरते मेहनतकशों के बदन पर जब कम्बल डाला तो उन्हें सहसा विश्वास नहीं हुआ कि आज के जमाने में ऐसे लोग भी हो सकते हैं जिन्हें दूसरों की परिस्थितियों का एहसास होता है।अंराई उपखंड के सुदूर ग्राम पंचायत ढसुक के लुहार व भोपों की ढाणी में मानव मित्र मण्डल सेवा संस्थान के स्वंय सेवकों ने कम्बल वितरण कर सर्दी में ठिठुरते गरीबों असहायों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। बतोर अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष अंराई रामसिंह राठौड़ ने कहा कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है और आज भी समाज में एक दूसरे के दर्द को महसूस करने वाले लोग मौजूद हैं।सर्द रातों में ठिठुरने को मजबूर, ठण्ड क्या होती है ये कोई उनसे पूछे जो सर्द रातों में खुले आसमां के नीचे किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में यदि ऐसे मजलूम लोगों को कोई भी ऊनी वस्त्र मिल जाए तो उनके मुंह से दुआओं की बारिश होना लाजिमी है। कुछ ऐसी ही पहल मानव मित्र मण्डल सेवा संस्थान मालपुरा के द्वारा की जा रही है जिसके तहत संस्थान के कार्यकर्ता घर घर जाकर जाकर ठिठुरते लोगों को कम्बल वितरण कर रहे हैं,इनका कार्य सराहनीय है, इसके लिए उन्होंने मानव मित्र मण्डल सेवा संस्थान के मानवीय हित में चलाये जा रहे इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नोरत ?मल वर्मा, सचिव संजय कुमार पाराशर,कौषाध्यक्ष राजेंद्र बैरवा, समाजसेवी महेंद्र कुमार लोहरा,चित्रकार रमाकांत शर्मा सहित कई समाजसेवी भी सम्मिलित रहे,संस्थान संस्थापक नोरत ?मल वर्मा का कहना है कि भामाशाहों के सहयोग से ऊनी वस्त्र ०कम्बल वितरण किया जाता है और लोग आगे आकर प्रेरणा लेते हुए ठण्ड के मौसम में गरीबों असहायों को गर्म कपड़ों कम्बल आदि प्रदान करने लगे हैं जो अच्छा संकेत है। हमें भी उनकी परिस्थितियों का एहसास होना चाहिए।ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मरू प्रदेश निर्माण मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट जेताराम कड़वासरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग दिए ज्ञापन

मरूधर विशेष/मांगी लाल विश्नोई

सरकार को पिछले विधानसभा चुनाव के समय किए गए पूर्ण ऋण माफी के वायदे को याद दिलाया मरू प्रदेश निर्माण मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट जेताराम कड़वासरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर सरकार को पिछले विधानसभा चुनाव के समय किए गए पूर्ण ऋण माफी के वायदे को याद दिलाया तथा किसानों का ऋण माफ नहीं होने पर भारी अवधिपार ब्याज चुकाना पड़ा तथा अवधि पार खातेदारों की सिबिल खराब होने की वजह से पुनः ऋण नहीं ले पाए अतः सरकार अपनें वायदे को स्मरण कर कृषकों की के.सी.सी .,अल्पकालीन ,मध्यकालीन व बेरोजगार युवकों का ?3,00,000 तक का कर्ज इसी वित्तीय बजट में माफ करने की घोषणा करें साथ ही लोहावट विधानसभा क्षेत्र की लोहावट, देचू ,बापिणी व आऊ तहसीलों के समस्त राजस्व ग्रामों में निरंतर गत 4 वर्षो से ओलावृष्टि,अनावृष्टि,शीतलहर व पाला के मंजर से गरीब किसानों को नुकसान होता आ रहा है परंतु सरकार द्वारा पिछले एक भी वर्ष में नुकसान की भरपाई नहीं की है इस वर्ष भी 16 जनवरी से निरंतर आज तक पाला व शीतलहर से अरंडी, सरसों, जीरा, इसबगोल, रायडा व सोनामुखीी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है जिससे किसानों की कमर टूट गई है अतः सरकार अविलंब नुकसान के आकलन बाबत विशेष गिरदावरी कराकर आपदा अनुदान की राशि पूर्व में निर्धारित 13500 व 27000 से बढ़ाकर ?27000 व 54000 कर के किसानों को भुगतान करने का आदेश फरमावे । इस अवसर पर मरू सेना निर्माण मोर्चा के लोहावट तहसील अध्यक्ष मांगीलाल सुराणी सदरी , एडवोकेट व जिला परिषद सदस्य गोपाराम मेघवाल, एडवोकेट रघुवीर सिंह पल्ली, एडवोकेट राजू राम कड़वासरा,अशोक कड़वासरा, एडवोकेट ओमप्रकाश , केसर ढाका ,रामलाल खिलेरी, बागे खा दयाकोर, लियाकत अली, शीशपाल गायणा, महेंद्र सेन, ओम प्रकाश व मोती पालीवाल, जस्सा राम हुडडा, भंवर लाल जी जांगू जालोड़ा, एडवोकेट ललित जैन ,एडवोकेट धारु राम मेघवाल, एडवोकेट ओमा राम खीचड , बंसी लाल पल्ली आदि अनेकों किसानों ने उपस्थिति दर्ज करवायी ।

अंराई में एसबीआई एटीएम को बनाया निशाना, नकाबपोश बदमाश साथ ले गए एटीएम उखाड़ के

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

अरांई,अरांई थाना अंतर्गत पावर हाउस चौराहे पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को बीती रात अज्ञात नकाबपोश बदमाश पिकअप की सहायता से उखाड़ कर ले गए एटीएम मशीन में लाखों रुपए रखे हुए थे जिन्हें बदमाश अपने साथ ले गए घटना का पता चलते ही अंराई थाना प्रभारी गुमान सिंह मय जाब्ते के घटनास्थल पहुंचे और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा तथा एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरा के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस व्यस्त हो गई सूअर चोर पकड़ने में बताया जा रहा है कि रात को जब यह वारदात घटित हुई उससे कुछ देर पहले ही थाने की गाड़ी एटीएम बूथ के पास पहुंची थी तथा एटीएम भूत के पास ही एक लग्जरी गाड़ी भी रुकी हुई थी जिस में बैठे हुए लोग पुलिस को देख कर के गाड़ी में से निकल कर भाग गए पुलिस उनका पीछा करने लग गई इस बीच अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एटीएम बूथ से एटीएम मशीन को उखाड़ लिया और पिक अप में डाल कर फरार हो गए बताया जा रहा है कि पुलिस जिन बदमाशों का पीछा कर रही थी उन्हें जब पुलिस ने पकड़ा तो उनसे हुई पूछताछ में सामने आई कि वह लोग सूअर चोरी करने आए थे उसके कुछ देर बाद ही थाने के टेलीफोन पर किसी ने एटीएम मशीन उखाड़ कर ले जाने की सूचना दी यह सूचना मिलते ही सूअर चोरों का पीछा कर रही पुलिस ने अपना सिर पकड़ लिया।

सुरक्षा गार्ड था तैनात : बताया जा रहा है कि इस एटीएम बूथ पर बैंक के द्वारा जसवंत मीणा नाम के एक सुरक्षा गार्ड को तैनात कर रखा था वह दिन में एक ट्रैक्टर कंपनी में काम करने जाता था तथा रात को एटीएम की रखवाली करता था बताया जा रहा है कि सोमवार की रात ट्रैक्टर कंपनी में कोई कार्यक्रम आयोजित होना था जिसके चलते जसवंत मीणा बिना बैंक अधिकारी को सूचना दिए चित्तौड़ में हो रहे ट्रैक्टर कंपनी के समारोह में शामिल होने के लिए चला गया और उसके पीछे से बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दे दिया सच्चाई क्या है यह बात तो जसवंत से पुलिस पूछताछ में ही सामने आ सकेगा लेकिन एटीएम मशीन में लाखों रुपए रखे हुए थे जिन्हें बदमाश चोरी करके फरार हो गए पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एटीएम मशीन उखाड़ कर ले जाने और रुपए चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज किया है तथा बदमाशों की तलाश की जा रही है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सिंघाड़ा मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मरुधर हिंद / नरेन्द्र शास्त्री

उदयपुर क्षेत्र के सायरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सिंघाड़ा मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ` कार्यक्रम का संचालन पुष्पा मेवाड़ा ने किया` कार्यक्रम मे विधालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को एवं उन भामाशाहो को जिन्होंने विधालय भवन निर्माण व अन्य कार्यो मे सहयोग दिया है उनको मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया` संस्था प्रधान चन्द्रकिशोर जुनवाल व पी. टी. आई. उम्मेद सिंह पवार ने सभी अतिथियों का व ग्रामीणों का कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया` संस्था प्रधान पी. ई. ई. ओ. चन्द्रकिशोर जुनवाल ने कार्यक्रम का समापन किया` कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती वरदी बाई जी रहे तथा अन्य प्रतिनिधियों मे जब्बर सिंह जी, फुलाराम जी सरपंच प्रतिनिधि, वार्ड पंच अनिता जोशी,एस.एम.सी. अध्यक्ष सोहनलाल मेघवाल, पी. ई.ई.ओ. चन्द्रकिशोर जुनवाल, पुष्पा आमेटा, मंजू लता शर्मा , हीर सिंह, हेमराज, अन्नाराम हिंगड़, वेलाराम जी व्याख्यता अजय कुमार श्रीमाली, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश कुमार गढ़वाल, व. अध्यापिका पुष्पा मेवाड़ा, व.अ. गोपीलाल गुर्जर, अध्यापक मनोज कुमार टेलर, अ. लालू राम पटेल जी अ. जयंतीलाल जी, पी.टी. आई.उम्मेद सिंह पवार , अ. मोनू वर्मा , यदुराज नरेन्द्र शास्त्री, देवेन्द्र सुलानिया, हेमराज ,अनामिका, मंजूला प्रजापत , सत्यप्रकाश रोत, चैन सिंह राव सहित सभी बच्चे , उनके अभिभावकों सहित ढाई सौ से ज्यादा ग्रामीण मौजूद रहे`

जन जन की यह पुकार है, मुंडावर में नहर की दरकार है: रोहितास्व चौधरी

मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी

मुंडावर । मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में घटते जल स्तर और बंजर होते खेत के दर्द को समझते हुए पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी ग्राम वासियों को 6 फरवरी को मुंडावर में आने का न्योता देने बिजवाड़ चौहान, हुलमना कलां, हुलमाना खुर्द, भोजपुरी, मनेठी, जलावास, मोलावास, मुंडनवाडा कलां, शजदपुर, राजवाड़ा, मजरी भांडा, रामबास, भिवड़ा, भिवाड़ा की ढाणी, कालुका, पीपली पहुंच कर पीले चावल बांटे। गावों में लोगों ने उत्साह दिखाते हुए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम मुंडावर में जमुना से नहर का पानी देने बाबत रोहिताश चौधरी ज्ञापन सौंपे। विदित रहे की नहर के लिए पद यात्रा के बाद रोहिताश चौधरी अपने साथियों के साथ अब बजट से पूर्व नहर की मांग को मजबूती प्रदान करने के लिए 06 फरवरी को पूर्व सांसद युवरानी महेंद्रा कुमारी के जन्म दिवस पर मुंडावर पंचायत समिति के प्रांगण में विशाल रैली का आयोजन कर रहे है। सभा को सफल बनाने के लिए रोहिताश्व चौधरी, अखिलेश कौशिक एडवोकेट, रामावतार चौधरी, गोकल लंबरदार, ताहिर खान, रमेश सैन, मोहित जिंदल, मुबीन, तेजपाल सहित गांवों में पंहुचे। इस दौरान ग्रामीणों ने रैली में पहुंचने के लिए अपने कुल देवता की शपथ लेकर घरपति आने का भरोसा दिया।

अल्पसंख्यक मोर्चा ने बालिकाओं को सम्मानित कर मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामा - भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष यकुब खान कि अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में बालिकाओं को माला व कॉपी पेन देकर सम्मानित किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि बेटियां घर संसार को रोशन करती हैं बेटियां अपने मां-बाप और अपने देश का नाम रोशन करती हैं इसीलिए आज राष्ट्रीय राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कामा कस्बे में स्थित डीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं को कॉपी पेन माला से सम्मानित किया गया। इस मौके पर व्यवस्थापक गोविंदराम शर्मा प्रधानाचार्य शिवनारायण गुर्जर जीतराम भगवान सिंह राजवीर वेद प्रकाश संजय पंडा निशा मंजू सपना नीलम विना मनीषा समस्त स्टाफ व सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे

किसानों की बिजली समस्या समाधान हेतु भाजपा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन व सौंपा ज्ञापन

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां- कामां विधानसभा क्षेत्र में अस्त-व्यस्त बिजली व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने ग्रामीण मंडल अध्यक्ष साकिर अली व किसान मोर्चा अध्यक्ष जलराम सिंह के नेतृत्व में जयपुर विद्युत वितरण निगम कार्यालय के समक्ष नारेबाजी प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपो भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था लेकिन चार साल से अधिक का वक्त गुजर चुका है सरकार किसानों को पूरी बिजली देने में असमर्थ है ग्रामीण इलाकों में रात भर बिजली नहीं आती यदि आती भी है तो वह भी आंख मिचोली करती रहती है किसानों को सिंचाई के लिए पूरी बिजली नहीं मिल रही कड़ाके की ठंड में विद्युत विभाग द्वारा रात्रि को बिजली दी जा रही है जिससे किसानों को सिंचाई करने में परेशानी हो रही है किसान को बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आए दिन आंदोलन करना पड़ता है किसान परेशान है किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने कामां बिजली विभाग कार्यालय पर नारेबाजी प्रदर्शन किया है और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन देने वालों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष याकूब खान, भाजयुमो अध्यक्ष राधेश्याम दीक्षित, सोनू सैनी, पार्षद किशोर तिवारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बलदेव गुर्जर, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष सर्वेश सैनी, मनोज गुर्जर ,शिवनारायण उपसरपंच कनवाड़ा ,सतपाल नंदेरा बास सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे

डूंगरा छोटा में मां शारदे मंदिर और भैरव मंदिर पर स्वर्ण शिखर प्राण प्रतिष्ठा 25 कुंडिय सहस्त्र चंडी यज्ञ

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढः उपखंड सज्जनगढ़ के डूंगरा छोटा क्षेत्र में सन्यासी आश्रम शांति कुट्टी प्राकृतिक तालाब किनारे लबाना समाज की मां शारदे मंदिर व भैरव मंदिर व स्वर्ण शिखर प्राण प्रतिष्ठा 25 कुंडिया सहस्त्र चंडी यज्ञ का भव्य तीसरे दिन मंगलवार को आयोजन किया जा रहा है प्रातः देव पूजन एवं महा रूद्र महापूजा ,दुर्गा सप्तशती पाठाहुती, न्यास ,धान्याधीवास कई महा पाठ किए दुर्गा सप्तशती पाठ हनुमान चालीसा राम रक्षा स्त्रोत 11 लाख भैरव मंत्र के भी जाप किए जिसमें मुख्य आचार्य निकुंज मोहन पंड्या के साथ सहआचार्य कृति जी भट्ट योगेश आचार्य नवनीत पंड्या एवं प्रतिष्ठा यजमान देवी मंदिर शिखर सुरेश खज्जा, ध्वज दंड नाथू सिंह , शारदा मां मूर्ति स्थापना कमलेश खजा, भैरव मूर्ति स्थापना नरेश हड़कशी, भैरव शिखर जसवंतसिंह हड़क शी, भैरव ध्वज दंड जोरावर सिंह हड्डुकशी ने मूर्ति लोक पालकी आरतियां प्रदान की गई। राजस्थान,मध्यप्रदेश गुजरात के राज्यो से भी भक्तगण उपस्थित रहे।

शादी समारोह में दुषित पनीर सप्लायर को मोटरसाइकिल सहित किया डिटेन

मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी

मुंडावर ।भिवाड़ी जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नकली व दुषित पनीर आदि दूध से निर्मित सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ततारपुर पुलिस थाना द्वारा 45 किलो दुषित पनीर पकड़ कर नष्ट किया। ततारपुर थाना अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के निर्देश जगराम मीना आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना जयप्रकाश बेनीवाल आरपीएस वृत अधिकारी किशनगढ़ बास के सुपरविजन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस की विशेष टीम ने नाकाबंदी कर नुंह हरियाणा निवासी अरसद पुत्र इलियास को शादी समारोह में 45 किलो दुषित पनीर सप्लाई करने जाते समय धर लिया।पुलिस ने खाद्य सुरक्षा विभाग के लिए पनीर का सेंपल लेने के बाद खराब पनीर को नष्ट करवा दिया।पुलिस ने युवक को बाइक सहित डिटेन कर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी हरियाणा के सीमावर्ती इलाके व अलवर जिले में शादी समारोह में पनीर की सप्लाई करने का काम करता है।नाकाबंदी में पुलिसकर्मीशेर सिंह थाना अधिकारी पुलिस थाना ततारपुर कृष्ण कुमार हेड कांस्टेबल प्रेम कुमार कांस्टेबल थाना ततारपुर

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बहरोड़ - उपखंड के कस्बा बर्डोद में ब्राइट फ्यूचर सेकेंडरी विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । विद्यालय संस्थापक संजय चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय बालिका दिवस विद्यालय में मनाया गया तथा कस्बे में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया इससे समाज में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। संस्थापक ने बताया कि इस अवसर पर 153 बालिकाओं का बैंक में खाता खुलवा कर 500-500 रुपए सभी बच्चों के खाते में डलवाए। गए इस मौके पर अजय यादव मैनेजर बीआरकेजीबी बहरोड व सुरेश चंद्र जोगी मैनेजर बीआरकेजीबी बर्डोद एवं प्रिंसिपल प्रियंका चौधरी सहित सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

ताला .कस्बे स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एक महत्वपूर्ण त्योहार की तरह मनाया गया जो विद्यालय के लिए आकर्षक का केंद्र बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि लाला राम मीणा व विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ प्रधान रामफूल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भगवान मुक्कड़ मौजूद रहे। मुख्य अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भगवान मुक्कड़ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया। विद्यालय प्राचार्य रामचंद्र मीणा ने विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंत में ताला सरपंच शेख अमीर खान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार घनश्याम सिंह देवल,पूर्व सरपंच अन्नू खान,ताला मंडल अध्यक्ष लतीब सिलार,हाजी खाजू दीन,हाजी शकूर , व्याख्याता मौजीराम मीना, नम्रता अरोड़ा, संतोष मीना,किशन बुनकर,उम्मेद सिंह देवल,कैलासी मीना,एसएमसी अध्यक्ष हनुमान सहाय मीना,गठवाडी मंडल अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी,लक्ष्मण सिंह राजावत,सीबीओ रामस्वरूप मीना,ग्राम विकास अधिकारी अशोक शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष रामधन बेनीवाल,राकेश प्रजापत सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

चेतक स्मारक के लिए आरक्षित भूमि को निलाम करने के विरोध में सौपा ज्ञापन

चित्तौडगढ ।चेतक स्मारक के लिए आरक्षित भूमि को निलाम करने के विरोध में सर्व समाज, श्री राजपुत करणी सेना, जौहर स्मृति संस्थान एवं विभिन्न हिन्दु संगठनों की ओर से मंगलवार को पाडलपोल से रैली निकालकर विरोध व्यक्त किया गया तथा कलेक्ट्री चौराहे पर विरोध प्रदर्षन कर महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री व स्वायत्त शासन मंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप निलामी रद्द करने की मांग की गई है। प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप के स्वामी भक्त घोड़े चेतक के स्मारक बनाने हेतु नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा पूर्व में 2009 में साधारण सभा में प्रस्ताव संख्या 59 में षामिल कर कोटा, उदयपुर व निंबाहेड़ा फोरलेन के पास ओछडी में भूमि आरक्षित की थी। अब नगर परिषद के द्वारा इस भूमि को नीलाम किया जा रहा है। इसी के विरोध मे बड़ी संख्या मे सर्व समाज के लोगों ने अतिरिक्त कलेक्टर गितेश श्रीमालवीय को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि नगर परिषद चित्तौडगढ द्वारा चेतक के स्मारक के लिए आरक्षित भूमि को निलाम किया जा रहा है। इस कारण नगर परिषद द्वारा इस तरह का कृत्य करके जननायक महाराणा प्रताप ही नहीं आमजन व सर्व समाज का अपमान किया है जिससे आमजन की भावना आहत हुई है। इस प्रकार आरक्षित भूमि को निलाम किया जाना विधि सम्मत भी नहीं है। नगर परिषद के इस कार्य से यह मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा और इतिहास को विलुप्त करने की मानसिकता उजागर होती है। ज्ञापन मे चेतावनी दी गयी कि अगर यह प्रक्रिया नीलामी निरस्त नहीं की गई तो चित्तौड़गढ़ ही नहीं मेवाड़ में बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में हिन्दु जागरण मंच के सुरेन्द्रसिंह सौलंकी, मनोज साहु, मोनू सोनी, भोई समाज से बालकिशन भोई, जितेन्द्र सुराणा, श्री राजपुत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सत्यवीरसिंह भाटी, भानुप्रतापसिंह नाहरगढ़, जौहर स्मृति संस्थान के राव नरेन्द्रसिंह विजयपुर, तेजपालसिंह शक्तावत, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के सहदेवसिंह नारेला, क्षत्रिय युवक संघ के गंगासिंह साजियाली, प्रताप फाउण्डेशन के हर्षवर्धनसिंह रूद, रणजीतसिंह डगला का खेडा, श्री राष्ट्रीय करणी सेना के ब्रजेन्द्रसिंह भाटी, , अनिल ईनाणी, महेन्द्र गाडियालौहार, सुखवाल समाज से मनोज सुखवाल, साहु समाज से मनोज साहु, गोपाललाल छीपा, शान्तिलाल गुर्जर, शम्भुलाल अहीर, प्रिन्स शर्मा, अभिजित पालीवाल आदि षामिल थे।

रवि निठारवाल ने जीता पेन्चक सिलाट मे गोल्ड मेडल

निमेड़ा जयपुर भांकरोटा नगर निगम ग्रेटर के वार्ड नंबर 67 निवासी रवि चौधरी ने गोवा में मनोहर पारिकर स्टेडियम में 19 जनवरी से 21 जनवरी तक आयोजित हुई छठवीं पेन्चक सिलाट फेडरेशन कप में राजस्थान से 80 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य अपने जिले गांव का नाम रोशन किया मेडल जीत का श्रेय अपने दादा रामकरण निठारवाल एवं माता-पिता गुरुजनों को दिया रवि ने इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर के शेर ए कश्मीर इनडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में हुई पेन्चक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था गोल्ड मेडल जीतकर आने पर रवि के ससुर समाजसेवी रामेश्वर चौधरी ने मिठाई खिलाकर माल्यार्पण कर पुष्प गुछ भेठकर भव्य स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी रामेश्वर चौधरी ने कहा कि जो खिलाड़ी खेलेगा वही खिलेगा हर खिलाड़ी को अपने खेल के प्रति समर्पित रहना चाहिए मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को ही मेडल मिलता है साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

बेटियां शिक्षित होगी तो समाज शिक्षित होगा : डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर खैरथल में नारी चैपाल का हुआ आयोजन

बडी संख्या में महिलाओं की रही सहभागिता, नारी चैपाल में महिलाओं से जुडी योजना, नियम, अधिनियमों की जानकारी प्रदान की गई

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

खैरथल । खैरथल में नवाचार नारी चौपाल के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य के साथ मंगलवार को खैरथल में नारी चौपाल का भव्य आयोजन कस्बे के हरसोली रोड स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हुए कहा कि लिंगानुपात के स्तर को सुधारने के लिये जिले मे होने वाली नारी चैपालो का योगदान रहेगा। नारी चौपाल के आयोजन से सामाजिक सोच में परिवर्तन होगा व भ्रूण हत्या, लिंग जांच जैसे अपराध होने से रूकेंगे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही उनकी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही भी हो पायेगी। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारो की जानकारी प्रदान कर उन्हें अग्रिम पंक्ति में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित किए जा रहे नवाचार नारी चौपाल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि बेटियां शिक्षित होगी तो समाज शिक्षित होगा। उन्होंने बेटियों को शिक्षा प्राप्त कर अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित चिरंजीवी योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना, इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना, शुभ शक्ति योजना, जनाधार पंजीकरण आदि योजनाओ के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला भिवाडी पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी रिया डाबी ने महिलाओं को अपने हक के लिये स्वयं आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की कुप्रथाओं को समाप्त कर महिलाएं आगे आये एवं समाज के विकास में अपनी भागीदारी निभाए तथा महिला जनप्रतिनिधि अपने कार्य को अच्छी तरह समझकर उनका बेहतर क्रियान्वयन करें। महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक ऋषिराज सिंगल ने घरेलू हिंसा रोकथाम, वन स्टॉप सेन्टर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र,व बाल विवाह रोकथाम व महिला अधिकारिता विभाग की योजनाएं शिक्षा सेतु योजना सहित सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कीनारी चैपाल में महिला सशक्तीकरण से सम्बन्धित कार्यक्रम व मांगलिक कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा विभागीय योजनाओं की स्टालस के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया एवं प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण कर प्राप्त परिवादो का निस्तारण किया गया। नारी चैपाल में उपस्थित महिलाओं को घूंघट मुक्त अलवर व बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ दिलाई गई तथा नवजात बच्चियों का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। नारी चैपाल में महिलाओं सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता कराई गई एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान राजीविका समूह की महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों की स्टाल लगाई गई। इस मौके पर मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतिभावान बालिकाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। किशनगढ़ बास प्रधान बी.पी सुमन, किशनगढ़ बास उपखण्ड अधिकारी गंगाधर मीणा, बीडीओ राजकुमार बायला, किशनबास डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल, सीडीपीओ श्रीमती बीना गुप्ता, खैरथल नगर पालिका के चेयरमैन वरुण डाटा ,सरपंचअशोक यादव,नायब तहसीलदार रामकिशन, नगरपालिका के सहायक अभियंता अनिल कुमार जाटव, कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल वर्मा, सुबेसिंह यादव, कमलेश कुमार, तरुण चौधरी,खैरथल थाना अधिकारी अंकेश कुमार, ततारपुर थाना प्रभारी शेर सिंह चौधरी, किशनगढ़ बास के रेंजर ललित सिंह,समाजसेवी घनश्याम भारती, पार्षद जाजन मुलानी, स्कूल के प्रिंसिपल नवीन चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के बेलखरी में भागवत महापुराण कथा का आज चौथा

मरूधर विशेष/संवाददाता
शिवकुमार मौर्य

अमेठी 24 जनवरी 2023 अमेठी जनपद के मां कालिकन भवानी की पावन धरती के निकट पांडेयपुर बेलखरी में आयोजित भागवत महापुराण कथा का आज चौथा दिन है अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक चित्रकूट धाम के ब्रह्मश्री आश्रम की संरक्षिका एवं संस्थापिका साध्वी दीदी उषा रामायणी जी द्वारा आज भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया गयासमाजसेवी मां कालिका देवी सेवा संस्थान के सदस्य लाल जी पांडेय द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दीदी उषा रामायणी जी द्वारा प्रस्तुत की जा रही कथा का श्रवण करने के लिए दूर दूर से लोगों की भारी भीड़ पहुंच रही है दीदी उषा रामायण जी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन ही नहीं करती हैं बल्कि सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए उसकी ध्वजा को लेकर भारत ही नहीं विदेशों में भी घूमा करती हैउषा रामायणी जी कहती है इस धरती पर हम सभी साधु संत सनातन धर्म को मजबूत करने का काम कर रहे हैं सनातन मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा समाज मजबूत होगा

उषा जी कहती हैं श्रीमद्भागवत महापुराण तो भगवान का रूप है ग्रंथ चाहे जो भी हो सब परमात्मा के रूप कहे जाते हैं उनको पढ़ने से आपको कुछ ना कुछ जरूर हासिल होगा और आपको जो हासिल होता है उसे आप लेकर न बैठे आप समाज के दूसरे लोगों में भी बांटे इसी से तो सनातन मजबूत होगा।कथा व्यास उषा रामायणी जी ने भगवान के अवतार पर कहा कि भगवान धर्म की रक्षा और असुरों के नाश के लिए अश्रु प्रवृत्तियों के नाश के लिए धरती पर अवतार लेते हैं अलग-अलग रूप में अवतार लेते हैं राम जी भगवान और कन्हैया जी के अवतार में कोई विशेष अंतर नहीं है जितनी माताएं रामजी की थी उतनी ही माताएं कन्हैया जी के थी राम जी के तीन माता तो कन्हैया जी के भी तीन माता थी राम जी जहां पैदा हुए वहां सरजू नदी की धारा बह रही है तो कन्हैया जी का अवतार जहां हुआ वहां यमुना जी बह रही है। भगवान समय-समय पर लीला करने के लिए धरती पर अवतार लेते हैं धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। ब्राहम्ण की गाय की रक्षा को भगवान धरती पर आते हैं गाय माता की सेवा भगवान की किसी पूजा से कम नहीं है हम सब को गाय माता की रक्षा करने चाहिए आज गाय माता सड़कों पर खुले में घूम रही है। दीदी उषा रामायणी जी ने समुद्र मंथन और राजा बलि की भी कथा विस्तार से बताती और कहा कि भगवान समुद्र मंथन के दौरान अमृत राक्षसो के हिस्से में न जाय क्यो कि वे अमर हो कर तीनों लोकों में तवाही मचा देंगे।यही नहीं असुरों द्वारा जब भी भयानक रूप धारण किया गया भगवान ने उनके संघार के लिए अस्त उठाया ।यही नहीं भगवान ने अमृत की रक्षा के लिए मोहिनी का रूप भी धारण किया। दीदी ऊषा रामायणी जी ने भगवान बावन की कथा का भी सभी श्रोताओं को रसपान कराया ऊषा ने कहा कि राजा बलि की परीक्षा लेते हुए भगवान बावन ने तीन पग में राजा बलि का सब कुछ ले लिया। भगवान ने देवताओं एवं अपने भक्तो की रक्षा के लिए भगवान बावन का रूप धारण किया।

उत्तर प्रदेश में व्यापार बन्धु की बैठक में बैंकों को उपयुक्त पात्रों को यथाशीघ्र ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश

मरुधर विशेष/संवाददाता
शिवकुमार मौर्य

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बन्धु की बैठक आयाजित की गयी। बैठक में जनपद में लागू ई-रिक्शा संचालन व्यवस्था पर सभी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। व्यापारियों द्वारा कहा गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत अभी भी कतिपय आवेदनकताओं को आवटित ऋण आवेदनकर्ता के खातों में ट्रांसफर नहीं हुआ है।जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर तीव्रता से कार्यवाही करते हुए सभी उपयुक्त पत्रों को यथाशीघ्र ऋण उपलब्ध करा दें। बिरसिंहपुर के व्यापारियों द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि बिरसिंहपुर बाजार के चौक व ग्रामीण बैंक के सामने लगी हाईमास्क लाइट कई दिनों से खराब है। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी दोस्तपुर व अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जयसिंहपुर को हाईमास्क लाईट को ठीक कराने हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये।सभा को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में एक इन्वेस्टर सेल का गठन किया गया है, जिसमें व्यापारियों को भूमि अधिग्रहण

एवं सुरक्षा से सम्बन्धित कोई समस्या आती है, तो इस सम्बन्ध में अपना प्रार्थना पत्र इन्वेस्टर सेल में दे सकते हैं, जिस पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। यह सुझाव दिया गया कि व्यापारियों द्वारा जहाँ बाजार का विकास करना है, तो पूर्व से ही वहां पर पुलिस चौकी की जगह के सम्बन्ध में भी उचित प्रावधान को शामिल करें तथा इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भी प्राप्त कराये, जिससे वहां पर पुलिस चौकी की स्थापना के सम्बन्ध में कार्मिकों की तैनाती करने में आसानी हो सके, अन्यथा की स्थिति में बाजार विकसित हो जाने के पश्चात वहां पर पुलिस चौकी स्थापित करने हेतु जगह की समस्या उत्पन्न होती है। सभा को यह अवगत कराया गया कि पुलिस की सतर्कता व कड़ाई के कारण जनपद में लूट की कोई घटना घटित नहीं हुई है। साथ ही साथ सभी व्यापारियों को सुझाव दिया कि अपने पैसे के लेनदेन में गोपनीयता बरतते हुए अपने पैसे के मूवमेंट के पैटर्न को परिवर्तित करते रहें, जिससे व्यापारी की पैसे की गतिविधि को कोई भांप न सके। इससे भी चोरी की घटनाएं हतोहत्साहित होगी। बैठक में सभी का ध्यान साइबर फ्राड की ओर आकृष्ट कराते हुए उससे बचने के लिये सचेत रहने व सुरक्षा की बचाव के मंत्र को अपनाने को कहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि आनलाइन खरीददारी व सेवाओं को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में जब किसी व्यक्ति द्वारा गूगल से प्राप्त कॉल सेन्टर नम्बर पर शिकायत हेतु कॉल की जाती है, तो ऐसे में यह हो सकता है कि यह काल किसी फाल्स काल सेन्टर पर लगी हो। ऐसे फाल्स काल सेन्टर आपकी विभिन्न डिटेल प्राप्त कर आपका आर्थिक नुकसान कर सकते हैं। व्हाट्सएप पर आने वाली विभिन्न वीडियो काल की प्रति सचेत रहते हुए किसी परिचित की वीडियोकाल को ही उठाने हेतु सुझाव दिया गया, अन्यथा स्थिति में किसी केके आईडी महिला के साथ जो आपत्तिजनक स्थिति में हो, के साथ की स्क्रीनशॉट लेकर आपको ब्लैकमेल कर सकता है। उपरोक्त सुझावों के अतिरिक्त अपराध के रोकथाम हेतु अपने व्यवसाय केन्द्र व आस-पास के चैराहों पर सीसीटवी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया गया, जिससे अपराधी की पहचान रते हुए उसके विरूद्ध त्वरित गति से कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राज्य कर, उप चिकित्साधिकारी सुलतानपुर, उपायुक्त उद्योग, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक अभियन्ता जल निगम (नगरीय) सुलतानपुर, लीड बैंक प्रतिनिधि, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, टी0एस0 नगर पालिका परिषद, सहायक अभियन्ता एन0एच0 पी0डब्ल्यू0डी0, अग्निशमन अधिकारी, यातायात निरीक्षक, आर0आई0 परिवहन विभाग, वन दरोगा, औषधि निरीक्षक, प्रमुख बैंकों के प्रबन्धक, जिले के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी व अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दिए संदेश

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। ग्राम बेरका में महिला अधिकारिता विभाग से ग्राम पंचायत साथिन रूचि रानी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश दिये। साथिन रूचि रानी ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है।राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश भारत की लड़कियों को सहायता प्रदान करना बालिकाओं के अधिकारों के प्रति और बालिका शिक्षा के महत्व के साथ उनके स्वास्थ्य और पोषण के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना।आज के समय में भी कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता से लेकर यौन शोषण तक बालिकाओं के प्रति मुद्दों की कोई कमी नहीं है। भारत में ही नहीं विश्व भर में लैंगिक भेदभाव एक बड़ी समस्या है। जिसका सामना लड़कियों या महिलाओ को जीवन भर करना पड़ता है। इसलिए सरकार द्वारा लड़कियों की स्थिति में सुधार के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सबसे पहले प्रचार प्रसार करना जन जागरूकता फैलाना हर एक महिला बालिका यह प्रयास करें और बालिकाओं की प्रगति वर्ष में किए गए और किए जाने वाले कार्य की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करे। समाज में बालिका का महिला को समान अधिकार मिले दोनों में भेदभाव ना करें। अगर इस समाज में हर नागरिक यह यह समझ ले तो बैटी को कोई बोझ नहीं समझेगा।बालिकाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सेल्फ कॉन्फिडेंस सिखाए गए गुड टच बैड टच के बारे बताया गया।

गंदे पानी और कीचड़ से निकलने को मजबूर ग्रामीण

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

नारायणपुर - उपखण्ड क्षेत्र के मुंडावरा में कस्बे के मुख्य बाजार की सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सड़क को दुरुस्त करवाने के लिए कई बार विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। मुंडावरा ग्राम पंचायत मुख्यालय व अन्य गांवो को पंचायत समिति मुख्यालय से जोड़ने वाली इस सड़क से हर रोज ग्रामीण, विद्यार्थी, मजदूर किसान व राहगीर इस गंदे पानी से गुजरने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर दर्जन भर से अधिक गांव व ढाणिया बसी हुई है। मुंडावरा कस्बे के मुख्य बाजार की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। सड़क किनारे बने मकानों से निकला गंदा पानी सड़क पर हमेशा भरा रहता है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं और गंदा पानी व कीचड़ भरा हुआ रहता है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होने की स्थिति बनी हुई रहती है। स्कूल आने - जाने वाले बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में तो सड़क के हाल और भी खराब हो जाते हैं। समस्या के बारे में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासन से लेकर उपखंड स्तरीय अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया है लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। मुंडावरा सरपंच ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति जारी हो गई है। जल्दी ही सड़क का निमार्ण कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि घरों से निकलने वाले पानी को सड़क पर नहीं छोड़े। घरों का पानी सड़क पर आने से गंदगी हो जाती हैं।

पाँचवी बोर्ड परीक्षा शुल्क के विरोध में ज्ञापन सौंपा

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर - निजी स्कूल संघ ने संघ अध्यक्ष आर सी यादव के नेतृत्व में 5 वीं बोर्ड परीक्षा शुल्क लेने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी राहुल सैनी को ज्ञापन दिया। संघ अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा निदेशक बीकानेर द्वारा पाँचवी बोर्ड परीक्षा शुल्क वसूली के आदेश जारी किए जा रहे है जो कानूनी व व्यवहारिक कारणों से गलत है। क्योंकि आटीई प्रावधानों में कक्षा एक से आठ तक किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जाना नियम विरुद्ध है।जबकि आठवीं बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। पाँचवीं बोर्ड परीक्षा शुल्क राजकीय विद्यालयों से नहीं लेना व गैर राजकीय विद्यालयों से लेना नियम विरुद्ध व भेदभाव की श्रेणी में आता है। सभी निजी स्कूल संचालकों ने उपखण्ड कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर गत सत्र की कक्षा पाँचवीं की अंक तालिका देने की मांग की। इस मौके पर विजय यादव, रितेश आनंद,विजय सैनी, अजय यादव, के एल शर्मा, जे पी यादव,सुरेंद्र यादव,राखी गुप्ता सहित अनेक निजी स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

विप्र महिला प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

बांसवाड़ाः विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीतसंस्कार, एवम युवक युवती परिचय सम्मेलन हेतु विप्र महिला प्रकोष्ठ की बैठक श्रीनाथ टेकरी मोहन कॉलोनी में सम्पन्न हुई।इस विप्र महाकुंभ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा विप्र परिवारजन को जिला अध्यक्ष डा. कीर्ति आचार्य के नेतृत्व में आव्हान किया कि इस महाकुभ में सपरिवार पधारकर इस आयोजन को सफल बनावे ।महिला विप्र पदाधिकारी ममता जोशी,बरखा जोशी,सपना व्यास , रश्मि जोशी, बिनीता राणा , निशा जोशी, पिंकी जोशी ने निर्णय लिया कि ऑन लाइन आयोजित गणेश वंदना, गरबा प्रतियोगिता, और गत दिनों में आयोजित महिला खेल कूद प्रतियोगिता में जो भी मातृ शक्ति विजेता रही उनको 26 जनवरी बसंत पंचमी के दिन मदरेश्वर मंदिर पर इस कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ये जानकारी जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने दी।

विधुत विभाग ने कार्यवाही करते हुए 1.5 लाख की वसूली की

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर - बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बकाया बिल वाले उपभोक्ताओ के बिजली कनेक्शन काट दिए और चोरी करने वालों के वीसीआर भी भरे। विभाग की कार्रवाई से ग्रामवासीयों में हड़कंप मच गया। जेईएन सोहन लाल स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को रामपुर क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुई अवैध तारों को हटाया गया और जिन उपभोक्ताओं के बिजली के बिल बाकी थे, उनके बिजली कनेक्शन काटे गए। उन्होंने बताया कि सोमवार और मंगलवार को दो दिन की कार्रवाई में उपभोक्ताओ से करीब एक लाख पचास हजार रुपए की बकाया राशि वसूल की गई। इस दौरान 20 उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे गए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बिजली की चोरी नहीं करे और जिन उपभोक्ताओं के बिजली के बिल बकाया हैं, वे अपना बिल जमा करवाएं जिससे परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस दौरान सुभाष यादव, धर्मपाल यादव सहित विभाग की टीम मौजूद थी।

कठूमर ग्राम पंचायत भवन पर सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा आज

मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी

कठूमर। उपखंड मुख्यालय पर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र स्थित ग्राम पंचायत पर बुधवार को सरपंच शेरसिंह मीना की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। सरपंच शेरसिंह मीना ने बताया कि सभी ग्रामवासियों को ग्राम सभा में आने के लिए कहा गया है। जिसमें विकास अधिकारी पंचायत समिति कठूमर के आदेश अनुसार राजीव गांधी सेवा केंद्र कठूमर पर सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी।जिसमें विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, हल्का पटवारी, समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, सहयोगनी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कोटड़ा की दो बालिकाएं हुई सम्मानित

मरुधर विशेष उदयपुर संभाग- लिम्बाराम उटेर

कोटड़ा जिला प्रशासन उदयपुर और महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में कोटड़ा की 2 बेटियों का सम्मान किया गया।चिखला की रहने वाली मंजुला कुमारी तराल को नरेगा में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के रुप में कार्य करते हुए सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया को मजबूत करने व नरेगा को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सम्मानित किया गया।वही गाँधीसरणा की जोशीला कुमारी को अल्टीमेट फ्रीसबी खेल के माध्यम से बालिकाओं को जीवन कौशल देने में बेहतरीन प्रयासों के लिए समानित किया गया।कोटड़ा की इन बालिकाओं ने जिला स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में जाकर कोटड़ा का मान बढ़ाया। इन्हें जिला कलेक्टर तारा चंद मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रज्ञा गौतम, डॉ दिव्यानी कटारा, उपनिदेशक महिला एवमं बाल विकास विभाग कीर्ति राठौड़, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मान्धाता सिंह राणावत, उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग के संजय जोशी द्वारा प्रमाणपत्र, शील्ड व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में आज कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई - अमेठी में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।प्रधानाध्यापक एवम प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष - उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ- अमेठी ने बताया कि समाज में सम्मान, सुरक्षा एवम स्वाभिमान के लिए बालिकाओं का शिक्षित होना, आत्म निर्भर होना, व स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए, बालिकाओं का सशक्त होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा अंशिका ने महिला सशक्तिकरण की महानायिका व महारानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी व वीरता का अभिनय किया, किस प्रकार से एक महिला होकर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए, गीत के माध्यम से प्रदर्शन किया। छात्रा अर्पिता ने मदर टेरेसा का अभिनय करके , जिन्होंने समाज में दीन हीन महिलाओं की सेवा करके, उन्हें शिक्षित करके समाज में सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीवन जीना सिखाया। उक्त कार्यक्रम को देखकर बालिकाएं व बच्चे बहुत ही उत्साहित व प्रफुल्लित दिखे। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने व बच्चों को तैयार कराने में अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, सरिता सिंह, प्राची श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव एवं सुचित्रा सती का विशेष योगदान रहा। प्रभावती - अनुचर ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

तिजारा अघोषित बिजली कटौती पर आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन कल होगा

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा बिजली की अघोषित कटौती के विरोध व सरसों की फसल के मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यलय के बाहर आम आदमी पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायगा। आप नेता मौसम खान ने बताया कि इस बार भी तिजारा क्षेत्र में किसानों का बुरा हाल है, एक तो बिजली कटौती ऊपर से ठंड और बिगड़े मौसम ने सरसों की फसल को अस्सी प्रतिशत तक खराब कर दिया है लेकिन किसानों के इस नुकसान कि भरपाई तो बहुत दूर कि बात है जले पर नमक ये है कि बिजली आपूर्ति भी नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है। इसी अत्याचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी तिजारा कि टीम कल तिजारा तहसील के सामने सुबह 11 बजे अपनी विरोध प्रदर्शन करेगी, ताकि प्रशासन को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जा सके और किसानों को कुछ राहत मिल सके।

राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर - उपखंड के कस्बा रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को स्थानीय उपखंड अधिकारी राहुल सैनी की अध्यक्षता में राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिकित्सालय की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही उपखंड अधिकारी ने चिकित्सालय में साफ सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर हेतु उचित निर्देश दिए। बैठक के दौरान निःशुल्क दवा योजना में एक कंप्यूटर ऑपरेटर संविदा पर लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने सीएससी का औचक निरीक्षण करते हुए एमएनडीवाई, एमएनजेवाई, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित केंद्र व राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ.पूरणमल मीणा, डॉ. पूर्णमल रहीसा, डॉ. अशोक स्वामी ,डॉ.राहुल लाटा, डा.विक्रमादित्य, रामनिवास यादव, रमेश यादव ,भूदेव शर्मा ,सुरेश अलरिया मौजूद रहे।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर - स्थानीय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर मंगलवार को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों में टीवी मुक्त अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कराणा, नीमूचाना, ईशरा का बास , नयाबास व नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिन्हित किया गया है। इन चिन्हित ग्राम पंचायतों में 26 जनवरी को ग्राम सभा के दौरान टीबी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही घर-घर आशा डिजिटल हेल्थ ऐप,एएनएम डिजिटल हेल्थ ऐप द्वारा हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएगी। इसी क्रम मे खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज यादव की अध्यक्षता में खंड वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक ललित यादव, बीपीएम योगेश सिंघल , बीएचएस अशोक सैनी द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों की आशा सहयोगिनी, एएनएम व सीएचओ एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। अभियान के दौरान सर्वे करने वाली आशा सहयोगिनी को 10 रुपए प्रति घर व संभावित टीवी रोगियों बलगम सैंपल नजदीकी लैब में भेजने के लिए 100 रुपए प्रोत्साहित राशि दी जाएगी। इस दौरान बीसीएमएचओ डा.मनोज यादव ने बताया कि अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रचार व प्रसार हेतु स्थानीय युवा जागृति संस्थान द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपदअमेठी। में आज 24 जनवरी 2023, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार व निदेशालय महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस-2023 के आयोजन के सम्बन्ध में स्कूल व कॉलेजों में 18 जनवरी 2023 से 24 जनवरी 2023 तक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज अमेठी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया तथा इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा विद्यालय की मेधावी छात्राओं क्रमशः कक्षा-8 की मधु अग्रहरि व संध्या, कक्षा-7 की अंजू यादव एवं कक्षा-6 की तरन्नुम बानों के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बताया गया कि समाज में व्याप्त बालक-बालिकाओं के मध्य सामाजिक भेदभाव को परिवर्तित करते हुए लैंगिक समानता लाना है तथा अपनी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने से बालिकायें समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण सहभागी बन सकती है। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी अजय कुमार के द्वारा महिला कल्याण विभाग में संचालित बालिका सशक्तीकरण की योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, भारत सरकार की वन स्टाप सेन्टर योजना तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का महत्व, पात्रता, शर्ते व लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी तथा इसके साथ ही बालिकाओं के संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013, बाल विवाह अधिनियम-2006 एवं पाक्सों अधिनियम-2012 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, संरक्षण अधिकारी अजय कुमार, विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकायें तथा वन स्टाप सेन्टर की टीम उपस्थित रही।

मोबाइल ऐप द्वारा काम करने वाले श्रमिकों के लिए इसी सत्र में लाएंगे कानून -सुखराम विश्नोई

मरूधर विशेष/धर्मेन्द्र वैष्णव

राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा की सबसे बेहतर योजनाएं हम ओला, उबर, रैपीडो, स्विग्गी जोमैटो, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, अर्बन क्लब जैसी कंपनियों के लिए काम कर रहे श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे -टीकाराम जूली

यदि राजस्थान गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए कानून और बोर्ड बनाता है तो यह देश और दुनिया के लिए बड़ा कदम होगा - निखिल डे

गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स का महासम्मेलन हुआ संपन्न

आज दुर्गा मैरेज गार्डन में ओला, उबेर, स्विगी, जोमेटो, रैपिडो, अर्बन कंपनी जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म।पर काम करने वाले एप आधारित श्रमिकों का महासम्मेलन संपन्न हुआ।

गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए इसी सत्र में कानून आयेगा

सम्मलेन में राजस्थान सरकार में श्रम राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री सुखराम विश्नोई सम्मेलन में पहुंचे और उन्होंने सम्मलेन में आए लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि इस बारे में हम जल्दी ही कानूनी विशेषज्ञों से राय लेकर गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए विधानसभा का जो वर्तमान सत्र चल रहा है उसी में कानून लाने का प्रयास करेंगे। सम्मेलन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली भी पहुंचे। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सबसे अच्छी और बेहतर सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं राजस्थान में हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ओल, उबेर, स्विगि, जोमैटो आदि एप आधारित जो श्रमिक हैं उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आप हमेशा अपनी आवाज उठाते रहें चाहे किसी भी दल और राज्य या केंद्र की सरकार हो।

क्या है मुख्य मांगे

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं सूचना के अधिकार आंदोलन और अधिकार आधारित विभिन्न आंदोलनों से जुड़े रहे निखिल डे ने सम्मेलन में कहा कानून और बोर्ड बनाए जाने की मांग और उसके लिए हर ट्रांजेक्शन पर लेवी लगाया जाना उन्हीं की कमाई का एक हिस्सा होगा। यदि यह कानून बनता है तो ना केवल राज्य और हमारे देश बल्कि दुनिया के लिए नजीर बनेगा। कार्यक्रम में सोशल एकाउंटेबिलिटी फॉर्म इङ्ग१ एक्शन एंड रिसर्च से जुड़ी रक्षिता स्वामी और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने निम्न मांगें मंत्रियों के सामने रखी।

1. मोबाइल एप आधारित श्रमिकों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा निश्चित हो।
2. सामाजिक सुरक्षा हर लेन-देन पर लगने वाली लेवी पर आधारित हो।
3. एग्रीगेटर कंपनियों को निर्यत्रित करने के लिए सख्त कानून शीघ्र बने।
4. गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए शीघ्र त्रिपक्षीय बोर्ड बने।

बड़ी संख्या में एप बेस्ड श्रमिक पहुंचे सम्मलेन में

राजस्थान एप आधारित श्रमिक यूनियन से जुड़े आशीष सिंह और धर्मेंद्र वैष्णव ने बताया कि सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अभी तक हम सैकड़ों की संख्या में पहुंचे हैं यदि यह कानून नहीं आया तो लाखों मजदूर सड़क पर उतरेंगे।

बैठक में संगम त्रिपाठी, अनूप, सुभाष भटनागर, प्रकाश कुमार चंदन कुमार, आदि ने भी संबोधित किया।

कनेरा के अनोपपुरा गॉव में हुई डकैती की वारदात का खुलासा, मध्यप्रदेश के बाच्छडा गैंग के 03 आरोपी बापर्दा गिरफ्तार, 01 नाबालिग डिटेन, वारदात में लुटे गये 10 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात बरामद

मरूधर विशेष/रवि शंकर व्यास

चित्तौड़गढ़। कनेरा थाने के अनोपपुरा गांव में नरेन्द्र सिंह के मकान से करीब 8 से 10 अज्ञात बदमाश महिला के गले पर तलवार रख लगभग 35 तोला सोना व चांदी के आभूषण लूट ले जाने के मामले का कनेरा थाना पुलिस व साइबर सेल द्वारा खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश के बाच्छडा गैंग के 03 आरोपियों को बापर्दा गिरफतार व 01 नाबालिग को डिटेन कर लुटा गया माल बरामद कर लिया है।पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यंत ने बताया कि 15 जनवरी को कनेरा के अनोपपुरा निवासी नरेन्द्र सिंह के मकान पर उसकी पत्नी व बेटा अपने कमरे में सोए थे। करीब रात्रि तीन बजे 8 से 10 अज्ञात बदमाश घर मे घुस उसके बेटे के कमरे के दरवाजे के बाहर से कुंदा लगा, उसकी पत्नी के कमरे का दरवाजा तोड़ कमरे में घुस गले पर तलवार रख उसके पहने गहने मंगलसुत्र व कान के टोप्स खुलवा कर मकान में पडे बक्से व पेटी का ताला तोड़ बक्से मे रखे उसके लड़के की पत्नी के जेवरात एवं उसकी पत्नी के करीब 35 तोला सोना चांदी के जेवरात ले गये व गांव में ही जगपाल सिंह के मकान से एक मोटर साईकल चुरा कर ले गये व पास के सभी मकानों के किवाडों के बाहर की कुन्दी लगा गये। डॉग स्क्वायड, एमओबी टीम व साईबर टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये।मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी श्री दुष्यंत द्वारा घटनास्थल का स्वयं निरिक्षण कर वारदात का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। पुलिस उप अधीक्षक निम्बाहेड़ा आशीष कुमार के मार्गदर्शन में कनेरा थानाधिकारी घेवरचंद के नेतृत्व में कोतवाली निम्बाहेडा से एएसआई सूरज कुमार, थाना कनेरा से हैडकानि नन्दकिशोर, साईबर सैल से कानि रामावतार, प्रवीण, कमलेश, थाना कनेरा से कानि हेमराज, माणकराम, मुकेश, रेवताराम, हरप्रीत व बृजमोहन की विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा प्रयास

घटना के बाद से ही एसपी श्री दुष्यंत द्वारा मौका मुआयना करने के बाद गठित विशेष टीम द्वारा लगातार घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज चैक किये व घटना स्थल पर साईबर टीम द्वारा तकनीकी रुप से जानकारी जुटाई व इस तरह की वारदात करने वाले जरायम पेशा लोगो को चिन्हित कर उनकी एक्टीविटी पर नजर रखी, जिस पर टीम को इस वारदात में एमपी के निमच जिले के पिपलीया रुडी व चडौली गॉव के बाच्छडा जाति के लोगों द्वारा घटना कारीत करना पाया, जिनको आईडेन्टीफाई किया व प्रारम्भिक एवं नवीन तरिकों से संदिग्धों की गतिविधियो पर निगरानी रखी व उनके रहने एवं छुपने के स्थानो को गोपनीय रूप से चिन्हीत करते हुए उन्ही मुल्जिमों के घरों पर पहुची तो सभी आरोपी गायब मिले। जिस पर टीम द्वारा वहा पर मुखबिर मामुर किये उक्त मुखबिर सुचना पर सदिग्ध आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई तो सभी आरोपी जगलों में छुपे होने की जानकारी मिली जिस पर टीमों द्वारा उनके छुपें हुए ठिकानों पर जगलों में दबिश दी गई। सभी आरोपी भाग गये जिस पर टीम द्वारा करीब 3 किलोमीटर तक उनका पीछा कर 3 आरोपियों को डिटेन किया। तीनों आरोपियों मध्यप्रदेश के पिपल्या रूंडी थाना मनासा निवासी 20 वर्षीय राकेश पुत्र मदन बाच्छडा, 22 वर्षीय सतीश पुत्र पपू बाच्छडा व चडोली बस्ती थाना निमच सिटी निवासी 25 वर्षीय बबलू पिता गुमान जाति बाच्छडा उम्र 25 साल निवासी को पुछताछ के बाद बापर्दा गिरफतार किया गया एंव घटना में शामिल एक विधी से संघर्षरत किशोर को डिटेन किया गया। गिरफतार आरोपियों से लुटा गये सोने व चाँदी के जेवरात बरामद किये गये। गिरफतार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया, जिनसे अन्य मामलो में पुछताछ की गई तो उन्होने 11 जनवरी को गाँव सरसी थाना कनेरा में भी इसी तरह की घटना को अन्जाम देना स्वीकारा।

तरीका वारदात

आरोपियों द्वारा घटना कारित करने के दो तीन दिन पुर्व सुने मकानो को दिन में रैकी कर टारगेट बनाते है, और घटना के दिन चुने हुए मकान के पास वाले मकानो के बाहर से कुण्डी लगा देते है, जिससे जाग होने पर पडोसी बचाने नही आ सके। इस प्रकार चोरी की वारदात को अंजाम देकर जंगल के रास्ते से वापस चले जाते है।

बरामद किये हुए जेवरात

सोने की चैन 02 नग, सोने की अंगूठी 03 नग, सोने की नथ, सोने की रकडी, सोने की आड 02 नग, सोने का मगंल सुत्र 02 नग, सोने के मगंल सुत्र के मोती 60 नग, सोने की झुमकी, सोने की बालिया, मोती मगंल सुत्र, सोने का बाजु, चाँदी के पायल 04 जोडी, चाँदी का बच्चे का कडा 02 नग।

उक्त घटना में अभियुक्तगणों की गिरफतारी एवं माल मशरूका बरामद करने में निम्नांकित की विशेष भुमिका रही-

1. सूरज कुमार सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली निम्बाहेडा।
2. रामावतार कानि साईबर सैल चित्तौडगढ।
3. हेमराज कानि आसुचना अधिकारी थाना कनेरा।

सड़क सुरक्षा हेतु जनजागरण अत्यावश्यक: धीरेन्द्र सिंह- प्रदेश उपाध्यक्ष

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में आज स्वतंत्रता संग्राम के महा नायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह - प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ व बच्चों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवम सड़क सुरक्षा जनजागरण अभियान के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई - अमेठी की छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर ग्राम वासियों को जागृत किया गया, कार्यक्रम का नेतृत्व धीरेन्द्र प्रताप सिंह जी प्रधानाध्यापक एवम प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ- अमेठी ने किया, तत्पश्चात विद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। सड़क सुरक्षा पर बच्चों की पोस्टर/ चार्टिंग प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई, जिसमे रोशनी, शायमा, व मनीष कुमार ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया,सभी को प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें अपने उद्बोधन में धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, यदि हम विषयों के पाठ्यक्रम की तरह ही सड़क सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करके उसका व्यावहारिक ज्ञान छात्र छात्राओं को करायें तो सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी, कार्यक्रम को सफल बनाने में अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, सरिता सिंह, प्राची श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती , प्रभावती - अनुचर एवम बच्चों आदि ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

भाजपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर अग्रवाल समाज ने किया स्वागत

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। भारतीय जनता पार्टी भरतपुर के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर ऋषि बंसल का खेड़ली मोड़ पर अग्रवाल समाज खेरली के पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन समारोह किया गया। जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी से भरतपुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल का जयपुर से बयाना जाते हुए खेरली मोड़ पर खेरली अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिसमें अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश गोयल पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद अग्रवाल उपस्थित थे। समाज के पदाधिकारियों ने ऋषि बंसल के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।इस दौरान खेरली अग्रवाल समाज के मंत्री विष्णु कंसल, उप मंत्री नरेंद्र गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख देवांशु गर्ग, अंकित सिंघल, नवयुवक मंडल के मंत्री अंकित अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह हुआ सम्पन्न

नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा

नसीराबाद के निकट ग्राम भटियानी, मोतीपुरा, रसूलपुरा व धोलादान्ता (देराठु) के सीनियर सेकेंडरी, सेकेंडरी और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मंगलवार को मनाया गया। उक्त सभी गावों में कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीनगर प्रधान कमलेश गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तथा धोलादान्ता मंगरी में कांग्रेस के युवा नेता हरेंद्र गुर्जर ने अध्यक्षता की। भटियानी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कौशल्या तेला, उपसरपंच मिठूलाल, कन्हैयालाल राव, शिवराज गियाड़, रोडू गुर्जर मोतीपुरा व रसूलपुरा में सरपंच भँवर सिंह गौड, पूर्व सरपंच देवकरण गुर्जर, रामदेव यादव व कालूराम जाट थे। उक्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य व कार्यवाहक प्रधनाचार्य तथा प्रधानाध्यापक कौशल्या यादव, आजाद सिंह, सुनीता देवी व चंद्रकांता ने बताया की समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ शुरू हुआ और बताया की सभी गांवों के इस वार्षिक उत्सवों पर सम्बंधित सभी भामाशाहों और शैक्षिक, गैर शैक्षिक व खेलकूद में प्रतिभावन छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों में प्रधान कमलेश गुर्जर ने बच्चों को घर पर ज्यादा पढ़ाई करके ज्यादा से ज्यादा अंको से उतीर्ण होने के लिए प्रेरित किया इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों को भी बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा व नियमित पढ़ाई के लिए बताया और सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक बढ़कर एक देश भक्ति, नृत्य, एकल नृत्य व रंगारंग प्रस्तुति देकर आए हुए अतिथियों व उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया। भटियानी में मंच संचालन रणजीत राव व पुखराज टांक, मोतीपुरा में उर्मिला शर्मा व रसूलपुरा में व्यख्याता हेमराज मेघवंशी व प्रियंका यादव ने किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का समापन समारोह हुआ आयोजित

अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा

....महिला अधिकारिता अजमेर द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह 18 जनवरी से 24 जनवरी 2023 के कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मंगलवार को समापन समारोह का आयोजन राजकीय सावित्री उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर के सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामपाल जाट, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षा देविका तोमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अजमेर एवं अतिथिगणों में राजेन्द्र कुमार चौधरी, उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग अजमेर, सिकराराम जाट उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग अजमेर, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अध्यक्षा वर्तिका तथा रामकिशोर खदाव, संरक्षण अधिकारी, महिला अधिकारिता विभाग, अजमेर उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में जिला स्तर पर शिक्षा खेलकूद तथा सामाजिक कल्याण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ की थीम को ध्यान में रखते हुए सभी अतिथिगणों ने अपना-अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में लिवयाशी कक्षा 9 की छात्रा एवं इंदिरा महिला शक्ति केंद्र की विधि काउंसलर द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थाए इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र की टीम से केन्द्र प्रबंधक टीनू तथा विधिक काउंसलर सध्या एवं सोशल काउंसलर सज्जन द्वारा किया गया।

तिरंगा रैली का पोस्टर विमोचन, तिरंगे के सम्मान में 26 जनवरी को निकलेगी विशाल तिरंगा रैली

मरूधर विशेष/नितेश शर्मा

राजधानी जयपुर मे राष्ट्रीय श्रीराम सेना भारत परिवार के राष्ट्रीय कार्यालय मे तिरंगा रैली की आयोजन समिति के पदाधिकारी श्रीराम डिफेंस से हिम्मत सिंह राठौड़, नादान सिंह शेखावत, उर्मिला राय , शेर सिंह सिंगोद, शक्ति सिंह शेखावत ने पहुचकर तिरंगा रैली का पोस्टर विमोचन किया गया, रैली के बारे मे बताया गया की हिम्मत सिंह राठौड़ के नेर्तत्व में दूसरी साल लगातार 1100 फीट विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमे लाखो की संख्या में देश भक्त तिरंगे के सम्मान में 26 जनवरी को दोपहर 11 बजे से जनरल सगत सिंह सर्किल झारखंड महादेव से लेकर 206 बीघा गोकुलपूरा कालवाड रोड तक आएगी, इस मौके पर राष्ट्रीय श्रीराम सेना सुप्रीमो ललित राठौड़ ने पूरे देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और राष्ट्रीय श्रीराम सेना भारत परिवार के साथ साथ सभी देशप्रेमियो को तिरंगा रैली में अधिक से अधिक शामिल होने का आमंत्रण दिया

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256